तापमान

अधिकतम 38.6 डिग्री

न्यूनतम 22.6 डिग्री


हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 2 अप्रैल 2026




सफाई नहीं होने पर अरपा में गंदगी।



## खबर संक्षेप

### मस्तूरी टीआई का रायपुर तबादला

**बिलासपुर।** 1 अप्रैल को डीजीपी अरूणदेव गौतम ने प्रदेश 30 टीआई रेंक के अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया है। इसमें मस्तूरी टीआई अजहरउद्दीन का रायपुर तबादला किया गया है। इसी तरह रायपुर के टीआई यशवंत प्रताप सिंह व रायगढ़ के टीआई कमला पुसाम का बिलासपुर जिले में तबादला किया गया है। टीआई श्रीमती पुसाम पहले भी बिलासपुर में तोरवा, कोतवाली थाने में पदस्थ रह चुकी हैं। यहां से उनका रायपुर जिला में तबादला हुआ था। पुसौर थाना प्रभारी के दौरान आंदोलनकारियों ने श्रीमती पुसाम को घेरकर जमकर मारपीट किया गया था, जिसका वीडियो जोरों से वायरल हुआ था।

### छाए रहे बादल, उमस करती रही हलाकान



**बिलासपुर।** तेज धूप के साथ आसमान पर हल्के बादल छाए रहने से बुधवार को भी उमस सभी को हलाकान करती रही। लोग गर्मी के साथ उमस से बचने का उपाय करते रहे। दोपहर में तापमान बढ़ने से शहर की कई सड़कें सूनी हो गईं। पिछले कुछ दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। आसमान पर बादल छाए रहते हैं और तेज हवा के साथ बारिश भी हो जाती है। पिछले दिनों की तरह बुधवार को भी आसमान पर हल्के बादल छाए रहे, हालांकि धूप भी तेज निकली। दोपहर होते होते तापमान 38 डिग्री को पार कर गया। तेज धूप और बदली वाले मौसम में गर्मी के साथ उमस काफी बढ़ गई। लोग एसी, कूलर के सहारे इससे राहत पाने का प्रयास करते रहे। रात तक लोगों के पसीने छूटते रहे। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है।

### एडीआरएम ने की गोंदिया-चांदाफोर्ट रेलखंड की जांच

**बिलासपुर।** एसईसीआर के गोंदिया से चांदाफोर्ट रेलखंड का व्यापक सेक्शन निरीक्षण एडीआरएम ने किया। सुबह 7 बजे नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी स्टेशन से विंडो निरीक्षण के बाद गोंदिया स्टेशन में क्रू लॉबी, रनिंग स्टाफ की कार्यप्रणाली, विश्राम की व्यवस्था, पार्सल कार्यालय का निरीक्षण कर माल ढुलाई, बुकिंग प्रक्रिया एवं सुरक्षा मानकों की समीक्षा की। इसके साथ ही रेलवे इंस्टीट्यूट का अवलोकन कर कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के लिए उपलब्ध कल्याणकारी सुविधाओं व खेल संसाधनों की स्थिति का मूल्यांकन किया। एडीआरएम के साथ निरीक्षण में वरिष्ठ मंडल इंजीनियर, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर ओपी एंड टीआरडी, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में लगाया स्लीपर कोच

बिलासपुर। कोरबा से अमृतसर और अमृतसर से बिलासपुर आने-जाने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा दी गई है। रेलवे के अनुसार यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली 18237/18238 कोरबा से अमृतसर और अमृतसर से बिलासपुर के बीच चलने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा अस्थायी रूप से दी जा रही है। यह सुविधा 2 अप्रैल को कोरबा से बिलासपुर होकर अमृतसर जाने वाली और 4 अप्रैल को अमृतसर से बिलासपुर आने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में यात्रियों को मिलेगी।

# गैस सिलेंडर की डिलीवरी रूकी तो, दस दिनों में 8 हजार ने कराया ई-केवायसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**सिलेंडर लेने आनन-फानन में अब कराए जा रहे ई-केवायसी**

■ लंबे समय से रिफिलिंग नहीं कराने व ई-केवायसी नहीं कराने वालों को डिलीवरी नहीं देने गैस कंपनियों ने लिया था निर्णय



गैस कंपनियों द्वारा विगत लंबे समय से गैस की रिफिलिंग नहीं कराने एवं ई-केवायसी अपडेट नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद भी गैस सिलेंडर की डिलीवरी पर रोक लगा दी गई थी। नतीजा यह हुआ कि इस श्रेणी के उपभोक्ताओं को आनन-फानन में अपना ई-केवायसी अपडेट कराना पड़ा। इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के अनुसार केवल दस दिनों के भीतर ही 8 हजार उपभोक्ताओं द्वारा ई-केवायसी अपडेट कराया गया है।

गैस एजेंसियों के विगत लंबे समय से बार-बार ई-केवायसी अपडेट कराने की बात को अनदेखा करने वाले उपभोक्ताओं को ऐसा करना महंगा साबित हुआ। आखिरकार अब आनन-फानन में उन्होंने न केवल इसके लिए आवेदन प्रस्तुत किया, बल्कि जूझकर अपना ई-केवायसी अपटेड भी करा लिया है। गैस कंपनियों द्वारा कड़े तौर पर इस श्रेणी के उपभोक्ताओं को सिलेंडर की डिलीवरी नहीं देने की हिदायत दी गई थी। इसके बाद लोग हरकत में आ गए। विभाग के अनुसार तीनों कंपनियों को मिलाकर हर दिन लगभग आठ सौ से एक हजार की संख्या में उपभोक्ता अपना ई-केवायसी अपडेट कराने पहुंच रहे हैं। इसके अंतर्गत केवल दस दिनों के भीतर ही करीब आठ हजार उपभोक्ताओं का ई-केवायसी अपडेट किया जा चुका है।

### गैस की बुकिंग करा ली, अब डिलीवरी लेने से इनकार

आईओसीएल के अधिकारियों के अनुसार ज्यादातर लोगों के द्वारा गैस की कमी होने की अफवाह को ध्यान में रखकर जरूरत नहीं होने पर भी गैस की बुकिंग करा ली थी। ऐसा करने वालों में ज्यादातर उपभोक्ता उज्जवला कनेक्शन वाले शामिल हैं। अब हालत यह है कि बुकिंग के बाद गैस सिलेंडर की डिलीवरी देने वालों को उपभोक्ताओं द्वारा कहीं गैस के लिए पैसे नहीं होने तो कहीं अभी टंकी खाली नहीं होने की बात कहकर वापस लौटा दिया जा रहा है। मतलब साफ है कि उन्होंने जरूरत नहीं होने के बावजूद भी गैस की बुकिंग करा ली थी।

### केवायसी कराने वालों की बढ़ी संख्या

गैस कंपनियों द्वारा ई-केवायसी अपडेट नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं को गैस की डिलीवरी नहीं देने संबंधी निर्णय लेने के बाद ई-केवायसी अपडेट कराने वालों की संख्या में एकाएक बढ़ोतरी हुई है। लगभग प्रतिदिन औसतन आठ सौ से एक हजार उपभोक्ता इसके लिए पहुंच रहे हैं। गैस की तीनों कंपनियों इंडेन गैस, भारत गैस एवं एचपी गैस को मिलाकर दस दिनों में आठ हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने अपना ई-केवायसी अपडेट करा लिया है।

- **हेमप्रकाश साहू**, नोडल अधिकारी, आईओसीएल

### गलत खबर फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

एलपीजी, पेट्रोल-डीजल एवं उर्वरक की उपलब्धता को लेकर सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर फैलाने वालों की अब खैर नहीं है। जिला प्रशासन द्वारा इसे गंभीरता से लेते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित होने वाली खबरों की निगरानी के लिए एक विशेष समिति का गठन किया गया है। इस दौरान भ्रामक खबर फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की भी तैयारी है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार अब सोशल मीडिया पर इस तरह की भ्रामक सूचना फैलाने वालों पर अब कार्रवाई की जा सकेगी। इसकी जांच के लिए एक समिति गठित की गई है, जो विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित खबरों की सतत निगरानी करेगी। फेक न्यूज की त्वरित पहचान कर उसका खंडन सुनिश्चित करेगी।

■ निगरानी के लिए विशेष समिति का गठन किया गया

रेलवे क्षेत्र के आसपास लालखदान से दर्रीघाट तक किया जा रहा काम

# छह साल में शहर में एक पौधा लगा नहीं अब 650 से अधिक हरे-भरे पेड़ों की कटाई



दर्रीघाट से लालखदान के बीच काटे जा रहे पेड़।



पेड़ों की कटाई के बाद एकत्रित लकड़ी।

मनीष वर्मा ⏭ बिलासपुर

एक ओर 6 साल में शहर और आसपास के क्षेत्रों में वन विभाग और रेल प्रशासन ने एक भी पौधरोपण नहीं किया, दूसरी ओर इन्हीं विभागों द्वारा अब रेलवे के व्यापार विहार से लेकर स्टेशन तक और लालखदान से दर्रीघाट तक हरे-भरे 650 से अधिक पेड़ों की कटाई शुरू की गई है। पेड़ों को काटे जाने से शहर के तापमान में और वृद्धि होने की आशंका है।

15 साल पहले बिलासपुर शहर में सड़क के किनारे हरे-भरे पेड़ हुआ करते थे। भीषण गर्मी और दोपहर की तेज धूप में लोगों को पेड़ों की छांव में काफी सुकून भी मिलता था। विशेषकर राजेन्द्रनगर चौक से लेकर बिलासा कालेज, सत्यम टॉकीज, अग्रसेन चौक से लेकर लिंक रोड, सीएमडी और तारबाहर चौक तक सड़क के दोनों ओर हरे-भरे वृक्ष के नीचे लोगों को सुविधा मिल रही थी। सड़क चौड़ीकरण के लिए इस सड़क के दोनों ओर लगे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला दी गई। एक-एक पेड़ काटने के बाद 10-10 पौधे लगाने का नगर निगम, जिला प्रशासन के साथ वन विभाग के अफसरों ने लेकर इसकी देखभाल करने का निर्णय लिया गया था। 15 साल के दौरान तीनों विभागों की ओर से इस स्थान पर एक भी पौधा नहीं लगाया गया है।

इसी तरह अरपा पार सरकंडा और राजकिशोर नगर में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर हजारों की संख्या में वृक्षों की बलि दी गई है। हरे-भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाने से वर्तमान में ऐसा हाल हो गया है कि भीषण गर्मी में तापमान में बढ़ोत्तरी के साथ ही दोपहर की तेज धूप की वजह से लोग बाहर जाने से कतराने लगे हैं। पेड़ों की छांव नहीं मिलने के कारण लोगों को अपनी गाड़ियों को रखने के लिए भी छाया ढूंढना पड़ रहा है।

### समिति के लगाए पौधे भी सूखे

शहर को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, नगर निगम और वन विभाग के अफसरों ने कोई ध्यान नहीं दिया तो समितियों ने आगे आकर शहर के चौक-चौराहों के साथ सड़क के दोनों ओर पौधे लगाने की जिम्मेदारियां उठाई। इसके तहत राजेन्द्र नगर से सत्यम चौक तक सड़क के दोनों ओर पौधरोपण के साथ उसकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाने का काम किया गया है। समिति के लगाए गए कुछ पौधे तो जीवित हैं, लेकिन हजारों की संख्या में पौधे बड़े होने से पहले ही मुरझा गए हैं।

### रेलवे करेगा 500 पेड़ों की कटाई

पेड़ नहीं होने के कारण लगातार गर्मी बढ़ती जा रही है। अब तक रेलवे के क्षेत्र में तापमान शहर की अपेक्षा दो से तीन डिग्री कम रहता था। स्टेशन डेवलपमेंट के कार्य में रेलवे भी पेड़ों की कटाई कर रहा है। यह पेड़ व्यापार विहार से तारबाहर होकर रेलवे स्टेशन तक जाने वाले रास्ते के दोनों ओर लगे हुए हैं, जिसे काटने के लिए नंबरिंग भी कर दी गई है। इसके हिसाब से रेलवे लगभग 500 पेड़ों की कटाई करेगा।

### दर्रीघाट से लालखदान तक 146 पेड़

रेलवे क्षेत्र के साथ लालखदान रेल क्रासिंग पर बने आरओबी के बाद रायगढ़ की ओर जाने वाले नेशनल हाईवे के रास्ते का चौड़ीकरण शुरु कर दिया गया है, जो पीडब्लूडी की ओर से किया जा रहा है। सर्वे के बाद दर्रीघाट से लालखदान तक करीब 146 से अधिक पेड़ों को काटने के लिए पीडब्लूडी ने 15 लाख रुपए वन विभाग के पास जमा कर दिया है। इस राशि के मिलते ही वन विभाग ने भी पेड़ों की कटाई शुरु कर दी है।

### 10 गुना अधिक पेड़ लगाएंगे

दर्रीघाट से लालखदान के बीच सड़क चौड़ीकरण का काम लोक निर्माण विभाग कर रही है। इसके लिए राशि मिलने के बाद पेड़ों की कटाई का काम भी शुरु कर दिया गया है, जो अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। पेड़ों की कटाई जितनी होगी, उसके हिसाब से 10 गुना अधिक पौधरोपण कराने का नियम है। यह कार्य वन विभाग बिलासपुर डिवीजन और रेंज के अंतर्गत करेगी।

- **शुभम मिश्रा**, रेंजर वन मंडल बिलासपुर

### नियम का पालन किया जाएगा

स्टेशन डेवलपमेंट के कार्य में सड़क चौड़ीकरण का काम भी शामिल है, जिसमें व्यापार विहार से तारबाहर होकर स्टेशन आने वाली सड़क पर पेड़ों की कटाई होनी है। इन पेड़ों की कटाई और अन्य कार्यों को पर्यावरण कानून के तहत पालन किया जाएगा।

-**अनुराग कुमार सिंह** सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

# सफाई व्यवस्था खराब, हाईकोर्ट ने निगम आयुक्त से मांगा जवाब

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने शहर की साफ-सफाई व्यवस्था पर नगर निगम आयुक्त से शपथपत्र पर जवाब मांगा है। इस जनहित याचिका के रूप में अगली सुनवाई 9 अप्रैल को निर्धारित की गई है।

दरअसल शहर के चौक-चौराहों पर स्थापित महापुरुषों व छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमाओं की नियमित साफ-सफाई नहीं हो पा रही है और अंधेरे में भी डूबी हुई हैं।

■ चौक-चौराहों पर स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं की भी सफाई नहीं

विशेष अवसरों और कार्यक्रमों के दौरान जल्दबाजी में पानी छिड़ककर व फूल-मालाएं पहनाकर औपचारिकता पूरी कर दी जाती है, लेकिन बाद में फिर प्रतिमाएं उपेक्षा का शिकार हो जाती हैं। नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार, प्रतिमाओं की साफ-सफाई की जिम्मेदारी लायंस सर्विसेस को दे दी गई है लेकिन कंपनी समय पर यह काम नहीं करती। सफाईकर्मी भी सड़कों पर झाड़ू लगाने तक ही सीमित रह जाते हैं, जबकि ठेका शर्तों के अनुसार उन्हें मूर्तियों, डिवाइडर और फुटपाथ की सफाई भी करनी है। इधर अधिकारी भी मानते हैं कि नियमित सफाई नहीं होने से प्रतिमाओं पर धूल की परत जम जाती है।



### सफाई रोस्टर तैयार किया गया

इसे लेकर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने जनहित याचिका के रूप में मामले को लेकर बुधवार को अपनी डिवीजन बेंच में सुनवाई की। नगर निगम के वकील अनादि शर्मा ने बताया कि, समय समय पर सभी इलाकों में सफाई की जा रही है। इसके अलावा नगर निगम आयुक्त ने एक नया आदेश भी सभी जोन कमिश्नरों को जारी कर दिया है। इसमें एक सफाई रोस्टर तैयार किया गया है। आयुक्त ने नगर निगम सीमा में आने वाले सभी जोनों में नियमित साफ़-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस ने निगम आयुक्त को इस बारे में एक विस्तृत शपथपत्र पेश करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 9 अप्रैल को निर्धारित की गई है।

# पैसा बरसाने का झांसा देकर 20 लाख की ठगी

**बिलासपुर।** पैसा बरसाने का झांसा देकर ढोंगी बाबा 20 लाख रुपए की ठगी कर भाग गए।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला दीनदयाल कालोनी में रहने वाले एक व्यक्ति की ओडिशा के एक बाबा से संपर्क हुआ। बाबा ने उन्हें पूजा पाठ तंत्र मंत्र के माध्यम से रकम दोगुनी करने की बात कही। लालच में आकर उक्त व्यक्ति पूजापाठ कराने के लिए तैयार हो गया। उनके कहने पर ओडिशा से बाबाजी एक सहयोगी के साथ पीड़ित के घर दीनदयाल कालोनी आया। पीड़ित ने उन्हें पैसा बरसाने के लिए 20 लाख रुपए दिया। दोनों बाबा एक कमरे में पैसा लेकर पूजापाठ करने के लिए चले गए। घण्टों पूजा पाठ करने के बाद दोनों बाबाजी दूसरे दिन कमरे में जाकर पैसा लेने की बात कहकर चले गए। दूसरे दिन पीड़ित कमरे में गए तो उनका 20 लाख गायब थे। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने ढोंगी बाबा के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### चावल व्यापारी 17 लाख की ठगी

पेमेंट का फर्जी स्क्रीन शाट भेजकर शहर के चावल व्यापारी से 17 लाख रुपए की ठगी कर ली गई है। तारबाहर टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया, व्यापार विहार के चावल व्यापारी संदीप अग्रहरी ने रिपोर्ट लिखाई। मोबाइल के माध्यम से उनका भटगांव के एक व्यक्ति से चावल बेचने का सौदा तय हुआ। उसके बाद वे चावल भेजने लगे और वह आनलाइन पेमेंट का स्क्रीन शाट भेजता रहा। श्री अग्रहरी बैंक स्टेटमेंट निकालवाया तो पता चला कि रकम उनके बैंक खाते में जमा नहीं हुई है। फर्जी पेमेंट स्क्रीन शाट भेजकर उक्त व्यक्ति ने व्यापारी को 17 लाख रुपए का चूना लगा दिया है।

कोनी के कुक्कुट प्रक्षेत्र में मुर्गियों के नष्टीकरण में शामिल थे सारे

# बर्ड फ्लू का संक्रमण जांचने 24 सैंपलों की जांच, सबकी रिपोर्ट निगेटिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोनी स्थित शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र में बर्ड फ्लू से पांच हजार मुर्गे-मुर्गियों की मौत के बाद इनके नष्टीकरण की प्रक्रिया में शामिल प्रक्षेत्र में पदस्थ 24 अधिकारी व कर्मचारियों में बर्ड फ्लू के संक्रमण की जांच करने सैंपल लिए गए थे। एच 5 एन-1 नामक फ्लू के संक्रमण का पता लगाने सैंपलों की जांच एम्स रायपुर व सिम्स में की गई थी। इस दौरान सबकी रिपोर्ट निगेटिव आई है।

**एम्स रायपुर व सिम्स में की गई सैंपलों जांच**



21 साल पहले अस्तित्व में आई बर्ड फ्लू बीमारी, बिलासपुर में पहली बार

हरिभूमि में 27 मार्च को प्रकाशित खबर।

बर्ड फ्लू की दहशत से गुजर रहे बिलासपुर शहर के लिए एक राहत भरी खबर है। कोनी स्थित शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र में कार्यरत एवं मुर्गे-मुर्गियों के नष्टीकरण की पूरी प्रक्रिया में शामिल 24 अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बर्ड फ्लू के संक्रमण की जांच हेतु लिए गए सैंपलों की जांच रिपोर्ट पूरी तरह निगेटिव आई है। चूंकि मुर्गे-मुर्गियों के नष्टीकरण की पूरी प्रक्रिया के दौरान सारे अधिकारी व कर्मचारी बर्ड फ्लू के संक्रमण के बेहद करीब थे, जिससे इनके भी संक्रमित होने का एक संदेह बना हुआ था। एम्स रायपुर एवं सिम्स द्वारा जारी की गई रिपोर्ट के बाद अब स्थिति एकदम स्पष्ट एवं सामान्य हो चुकी है।

### सिम्स में पहली बार हुई एच 5 एन-1 फ्लू की जांच

बर्ड फ्लू से संबंधित जांच कोविड की तरह आरटीपीसीआर पद्धति से ही की जाती है। यह जांच अब तक एम्स रायपुर में ही होती थी। इस बार भी एम्स रायपुर में जांच होने व रिपोर्ट आने के बाद उन्हीं में से कुछ सैंपलों की जांच सिम्स के माईक्रोबायोलॉजी विभाग अंतर्गत बायरोलॉजी लैब में भी की गई। इस दौरान सिम्स की रिपोर्ट भी वैसी ही आई जैसी रिपोर्ट एम्स द्वारा जारी की गई थी। सिम्स में एच 5 एन-1 फ्लू के संक्रमण की जांच पहली बार की गई है।

### एम्स व सिम्स में जांच, सबकी रिपोर्ट निगेटिव

एम्स रायपुर एवं सिम्स के माईक्रोबायोलॉजी विभाग अंतर्गत बायरोलॉजी लैब में आरटीपीआर पद्धति से एच 5 एन-1 फ्लू के 24 सैंपलों की संक्रमण की जांच की गई है। जांच के दौरान सबकी रिपोर्ट निगेटिव आई है। अब तक यह जांच एम्स रायपुर में होती थी। यह पहला अवसर है, जब सिम्स में न केवल यह जांच की गई, बल्कि रिपोर्ट को क्रॉस चेक भी किया गया, जिसमें सिम्स के बायरोलॉजी लैब की प्रमाणिकता साबित हुई है।

- **डॉ. रमणेश मूर्ति**, डीन सिम्स

### मुर्गे-मुर्गियों के नष्टीकरण में शामिल थे सारे

बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद मुर्गे-मुर्गियों के नष्टीकरण के दौरान वहां उपस्थित कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र कोनी में पदस्थ 24 अधिकारी व कर्मचारियों में बर्ड फ्लू के संक्रमण की जांच करने सैंपल भेजे गए थे। जांच के बाद सबकी रिपोर्ट निगेटिव आई है।

- **डॉ.जीएस तंवर**, संयुक्त संचालक पशुपालन विभाग


श्री हनुमान जन्मोत्सव की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अतुलितबलधामं हेमशैलाभदेहं, दनुजवनकृशानुं ज्ञानिनां अग्रगण्यम्।
सकलगुणनिधानं वानराणामधीशं, रघुपतिप्रियभक्तं वातजातं नमामि॥
अतुलनीय बल के धाम, सुनहरे पर्वत (सुवर्ण) के समान शरीर वाले,
राक्षस रूपी वन के लिए अग्नि के समान, ज्ञानियों में सबसे आगे,
सभी गुणों के भंडार, वानरों के स्वामी, रघुपति (श्रीराम) के
प्रिय भक्त पवनपुत्र हनुमान को मैं नमन करता हूँ
श्री हनुमान जन्मोत्सव
के शुभ अवसर पर
बुकिंग पर विशेष छूट...
जायसवाल सुपर ट्राली
फायनेंस सुविधा उपलब्ध
अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर :-
जायसवाल एग्रो
हाईटेक बस स्टैण्ड के पास, शिवम् मोटर्स के सामने, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 8109972432, 9926909996
श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
राजेश त्रिवेदी
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य
भाजपा
श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विजय वर्मा
(सेवक)
अध्यक्ष प्रतिनिधि व सभापति
नगर पालिका परिषद बोदरी
श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
शेखर अग्रवाल
अग्रवाल ट्रेडर्स एवं स्टील
छड़, सीमेंट, बाथ फिटिंग एवं सेनेटरी फिटिंग व थोक एवं चिल्हर विक्रेता
अग्रवाल पेंट
वाल पुट्टी एवं एशियन वालकेयर, ऑयल पेंट दीवाल पेंट, बर्जर पेंट के अधिकृत विक्रेता
पता : पुराना सरकण्डा शिव घाट के पास बिलासपुर मो. 9300321741
श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
शैलेन्द्र यादव
(पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष)
दक्षिण मंडल अध्यक्ष-भाजपा बिलासपुर
शरद यादव
विधायक प्रतिनिधि
नगर निगम
उमा तावड़कर
जय श्री राम
केसरी नंदन श्री राम जी के परम भक्त
श्री हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
अभय बरुआ
श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सबमर्सिबल पंप, पाईप पैनल बोर्ड
एवं फिटिंग की सुविधा उपलब्ध
फास्टरिंग एवं कैलिक्स मशीन द्वारा घर, खेत, प्लाट एवं सभी जगह पर 5,6,7 एवं 8 इंच रेती, बजरी, बोल्डर में गारंटी व सबसे कम दर पर बोर किये जाते हैं।
प्रहलाद यादव
आर. डी. बोरवेल्स
सम्पर्क : आई.जी. आफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
दीन दयाल कॉम्प्लेक्स, मंगला, बिलासपुर
मो. : 9300324706, 9993649505
जय श्रीराम
समस्त शहरवासियों को
श्री हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
MRF
apollo
एसेसरीज
व्हीकल एलायमेंट
व्हील बैलेंसिंग
टायर चेंजिंग
STUDDS
Steelbird
Vega
विजय ऑटो इंटरप्राइजेस
अग्रसेन चौक, लिंक रोड, बिलासपुर
श्री हनुमान जन्मोत्सव
के पावन अवसर पर आप सभी को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
13 वर्षों से आपकी सेवा में
राजलक्ष्मी फ्लैक्स
एसीपी & एलईडी
लेटर वर्क
राजेश जायसवाल
8889908847
बृहस्पति बाजार रोड, चन्द्रा पार्क के सामने, बिलासपुर (छ.ग.)
समस्त प्रदेशवासियों एवं भोई समाज को
श्री हनुमान जन्मोत्सव
की
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं
राजकुमार भोई
श्री जय अम्बे मां
डी.जे. एवं टेन्ट केटरिंग सामान
भागवत कथा, रामायण, शादी, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य मांगलिक अवसरों के लिए डी.जे., टेन्ट, केटरिंग सामान उपलब्ध हैं
अंबिका इंटर स्टीडिओ के पिछे, विकास नगर, तिफरा,
बिलासपुर, मो. : 9329613369, 8815656495

1- APRIL- BSP- P- 3 ZIN_Layout 1 4/2/2026 12:47 AM Page 1

बिलासपुर, गुरुवार 2 अप्रैल 2026

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255





# हनुमान जन्मोत्सव पर शोभायात्रा, पूजन व भंडारा आज

**हनुमान जन्मोत्सव गुरूवार को हस्त नक्षत्र योग में मनाया जाएगा, सुबह से मंदिरों में दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक से पूजा प्रारंभ होगी जिसके पश्चात भगवान का भव्य श्रृंगार किया जाएगा और हवन-पूजन पश्चात दिनभर मंदिरों में भक्तों का ताता लगा रहेगा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस साल हनुमान जन्मोत्सव के दिन हस्त नक्षत्र बन रहा है, जो शाम 5 बजकर 38 मिनट तक रहेगा। इसके अलावा ध्रुव योग का शुभ संयोग भी इस तिथि पर रहने वाला है। ध्रुव योग को वैदिक ज्योतिष में 27 योगों में से 12वां, एक अत्यंत शुभ और स्थिर योग माना गया है। यह भगवान विष्णु और गुरु ग्रह से संबंधित है। शहर के मंदिरों में बुधवार से ही जन्मोत्सव के कार्यक्रम की शुरूवात हो गई है,इस बार उत्सव को खास बनाने व्यापक तैयारी की गई जिसमें जगराता, सुंदरकांड,भंडारा व भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। यह एक सप्ताह तक मनाया जाएगा। भक्तों में भी खासा उत्साह है,यही वजह है की इस वृहद आयोजन में हर वर्ग की सहभागिता है।

## देर रात तक चलेगी भजनों की संगीतमय प्रस्तुति



### जूना बिलासपुर मंदिर में सुंदरकांड पाठ

जूना बिलासपुर हनुमान मंदिर में तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम बुधवार को प्रारंभ हो गया। प्रथम दिन हवन-पूजन के पश्चात भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। पंडित मनीष पाठक ने बताया कि आज जन्मोत्सव पर दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक के पश्चात दिनभर पूजन चलेगा, 3 अप्रैल को आरती व महाभंडारा किया जाएगा।

### विशालशोभा यात्रा निकलेगी



हनुमान जन्मोत्सव पर धर्म जागृति मंच की विशाल शोभायात्रा चिरंजीव भगवान हनुमंत लला सरकार के प्राकट्य महोत्सव के अवसर पर धर्म जागृति मां छत्तीसगढ़ के द्वारा विशाल शोभायात्रा का आयोजन रखा गया है। संयोजक त्रिलोक चंद्र श्रीवास एवं अध्यक्ष मनोज श्रीवास ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि विगत 36 वर्ष पूर्व स्वर्गीय प्रेम श्रीवास के द्वारा भगवान बजरंगबली के प्रकट से अवसर पर हनुमान जयंती पर कार्यक्रम बनाना शोभायात्रा करना प्रारंभ किया था। परंपरा अनुसार इस वर्ष भी पंचमुखी हनुमान मंदिर बुधवारी बाजार से दोपहर 4 बजे शोभा यात्रा प्रारंभ होगी जो दयालबंद गांधी, चौक जूना बिलासपुर, मानसरोवर चौक से, तेलीपारा पुराना, बस स्टैंड, तारबाहार चौक इंदिरा गांधी चौक, खुदीराम बोस चौक से होते हुए महाकाल मैदान पहुंचेगी। इस इस शोभायात्रा में नैना भी राम झांकी बैंड बाजा सहित दर्जनों नर्तक दल और अंचल के बैंड रहेंगे।



### अग्रसेन चौक पर महाप्रसाद का वितरण आज

हनुमान जन्मोत्सव पर राजा रघुराज स्टेडियम के पास दोपहर 12 से महाप्रसाद का वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर हनुमान भक्तों ने इस उत्सव को भव्य बनाने खासी तैयारी की गई है। आयोजको ने बताया कि हनुमान जयंती पर महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।



### 27 खोली में सुंदर कांड, हनुमान चालीसा का पाठ

#### नगर विधायक अमर ने आरती कर किया प्रसाद वितरण

बजरंगी परिवार ने 27 खोली चौक स्थित हनुमान मंदिर में शुभम विहार मानस मंडली के अखिलानंद पांडेय और उनकी समिति के सदस्यों की उपस्थिति में सुंदरकांड व श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। नगर विधायक अमर अग्रवाल ने आरती कर भोग प्रसाद वितरण किया।

ज्ञात हो कि भक्त बजरंगी परिवार द्वारा विगत 1 वर्ष से प्रत्येक मंगलवार को क्षेत्र के विभिन्न हनुमान मंदिरों में हनुमान चालीसा का पाठ नागरिकों के साथ मिलकर किया जा रहा है। उनका कहना है कि पाठ करने, अपने धर्म के प्रति जागरूक रहने, ईश्वर के प्रति आस्था रखने से सभी कष्ट और दुख दूर होते हैं। आत्मविश्वास बढ़ता है। डर को दूर करता है और कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करता है। सभी को मंगलवार और शनिवार को नियमित पाठ करना चाहिए। इससे शारीरिक स्वास्थ्य, सौभाग्य और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। मनोकामना भी पूर्ण होती है। इस अवसर पर समिति के सदस्य दीपक सिंह, अजीत सिंह भोगल, लक्ष्मी नारायण कश्यप, अमित चतुर्वेदी, वैभव गुप्ता, चंद्रप्रकाश बाजपेई, चंद्रप्रकाश मिश्रा, नितिन पटेल, कार्तिक यादव, प्रसून चतुर्वेदी, महर्षि, शरद बाजपेई नट्टू शर्मा, शेखर पांडेय, सुभाष तिवारी, सुरेंद्र सिंह राजपूत, अश्वनी, प्रतिभा मिश्रा, अंजनी कश्यप, श्रद्धा तिवारी, मीनाक्षी यादव, सरिता ठाकुर, मंगल पांडेय, राहुल सिंह ठाकुर, स्वर्णिम तिवारी, श्वेता पांडेय, बबीता वाडेकर, कंचन श्रीवास्तव, बबली वैष्णव, अमर सिंह ठाकुर, अरुण लश्कर, गुलशन, हिमांशु गुप्ता, आदर्श तिवारी, अनीश गुप्ता, धर्मेंद्र चंद्राकर, ध्रुव देवांगन, वीरेंद्र उपाध्याय, मनमोहन देवांगन उपस्थित रहे।

### लोक कलाकारों से सजेगी शाम

हनुमान सेवा समिति द्वारा भव्य धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। जन्मोत्सव पर नया पुल सरकंडा में शाम 6:30 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक रिशु ठाकुर ने बताया कि आयोजन स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया है, कार्यक्रम की शुरुआत महाआरती से होगी,जिसके बाद हनुमान चालीसा पाठ, प्रसाद वितरण और सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर आचार्य पं युवराज पाण्डेय के साथ लोक गायिका गरिमा दिवाकर,स्वर्णा दिवाकर, और लोक गायक अनुराग शर्मा अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे।शुभम जयसवाल ने बताया कि अंचल की प्रसिध्द भजन गायिका अलका चंद्राकर द्वारा देर रात तक भजनों से भक्तों को बांधे रखेंगी।



### हनुमान मंदिर सरकंडा में पूजन, अभिषेक, भण्डारा

केसरी नंदन दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर मुक्तिधाम चौक सब्जी मंडी सरकंडा में हनुमान जन्मोत्सव पर गुरुवार 2 अप्रैल को सुबह 8 बजे पूजन, अभिषेक कर आरती की जाएगी। दोपहर 1 बजे से विशाल भण्डारा का आयोजन किया जाएगा। इसमें सैकड़ों लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे। यह जानकारी वार्ड पार्षद सीमा राजेश शुक्ला ने दी।



## संस्कार

### 20 को खाटू श्याम मंदिर में 101 बटुकों का उपनयन

**बिलासपुर।** परशुराम ब्राह्मण समाज एवं परशुराम महिला ब्राह्मण कल्याण समिति द्वारा सामूहिक निःशुल्क उपनयन संस्कार के आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक समाज के अध्यक्ष डॉ गायत्री प्रसाद पांडे के निवास स्थान पर आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी 20 अप्रैल को खाटू श्याम मंदिर, बिलासपुर में 101 ब्राह्मण बटुकों का सामूहिक निःशुल्क उपनयन संस्कार संपन्न कराया जाएगा। समाज के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि इच्छुक बटुकों के माता-पिता अपने बच्चों के उपनयन संस्कार हेतु खाटू श्याम मंदिर एवं हनुमान मंदिर, बिलासपुर में आधार कार्ड एवं एक फोटो के साथ आवेदन कर सकते हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजन के दौरान पूजन सामग्री की संपूर्ण व्यवस्था समाज द्वारा की जाएगी, साथ ही बटुकों के परिजनों के लिए चाय, नाश्ता एवं भोजन की व्यवस्था भी समिति द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। सामूहिक उपनयन संस्कार के आचार्य पंडित कृष्ण दत्त शास्त्री होंगे, जिनके निर्देशन में वैदिक विधि-विधान से कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा.. बैठक में प्रमुख रूप से डॉ. गायत्री प्रसाद पांडे, उमेश गौरहा, डॉ रजनीश पांडेय, ओम प्रकाश पांडे, नारायण मिश्रा, केशव प्रसाद तिवारी, केएल शुक्ला, अजीत मिश्रा, अन्नू शुक्ला, नागेंद्र पांडे, आर.पी. पांडेय, मनोज दुबे, राजश्री मिश्रा, रेखा पांडे, उमा त्रिपाठी, हेमलता तिवारी, अर्चना शुक्ला एवं कृष्णा पांडे उपस्थित रहे।




## आयोजन

### गिरजाघरों में होगी प्रभु भोज स्थापना दिवस की आराधना



**बिलासपुर।** चर्च ऑफ़ ख्राईष्ट सीएमडी चौक निर्वाचन प्राचीन समूह में पास्टर सुदेश पॉल के मार्गदर्शन में गुरुवार को शाम साढ़े 6 से साढ़े 8 बजे तक प्रभु भोज स्थापना पर्व की आराधना होगी। इसका संचालन प्रवीण जैसल करेंगे। सभी गिरजाघरों में भी प्रभु भोज स्थापना दिवस की संध्या कालीन आराधना होगी। आराधना के बाद बाइबिल का पठन रेनू अब्राहम करेंगे। प्रार्थना की अगुवाई एंजेलिना पॉल, शीबा लुईस, रीना दास और अरूणा दास करेंगी। प्रभु भोज वितरण नॉर्मल हेनरी, अनूप लवंग, सनी लुईस, दिनेश दास, भेंट की सेवकाई प्रिया जैसल, जेनिफर पॉल, प्रगति सिंह और निवेदिता पॉल द्वारा की जाएगी। पास्टर श्री पॉल ने बताया कि प्रभु यीशु मसीह की इच्छा थी कि दुःख उठाने से पहले अपने चेलों के साथ फसह का भोजन करूं। जब वे आपस में भोजन कर रहे थे तो प्रभु यीशु ने रोटी ली और आशीष मांगकर तोड़ी और कटोरा लिया। साथ ही कहा कि यह रोटी मेरी देह, मेरे लहू में नई वाचा है, जब कभी तुम इसमें खाओ और पियो तो मेरी मृत्यु को स्मरण किया करना। चर्च में प्रति रविवार इस विधि का पालन किया जाता है।

## कार्यक्रम

### ईटीआई प्रशिक्षण को पांच दलों में विभक्त किया गया



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में ईटीआई प्रशिक्षण का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों के लिए आयोजित किया गया। प्रथम सत्र में कार्यक्रम अधिकारियों का परिचय कराया गया तथा उन्हें पाँच दलों स्वामी विवेकानंद दल, महात्मा गांधी दल, सुभाषचंद्र बोस दल, रानी लक्ष्मीबाई दल एवं गुरुघासी दास दल में विभाजित किया गया। इस सत्र के मुख्य वक्ता डॉ वाईके तिवारी रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ मनोज सिन्हा द्वारा की गई। नियमित गतिविधियों तथा 'गोद ग्राम' की अवधारणा पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। द्वितीय सत्र में रेखा गुल्ला पूर्व कार्यक्रम अधिकारी, डॉ कांति अंचल द्वारा विशेष व्याख्यान दिया गया। इस दौरान सात दिवसीय विशेष शिविर की रूपरेखा के साथ कार्यक्रम अधिकारियों से नवाचार आधारित विभिन्न गतिविधियाँ कराई गईं, जिनका उद्देश्य समाज सेवा के प्रति नई सोच विकसित करना रहा। तृतीय एवं चतुर्थ सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में सत्येन्द्र कुमार साहू रा.से.यो. प्रकोष्ठ, उच्च शिक्षा विभाग, रायपुर उपस्थित रहे। उन्होंने 'माय भारत पोर्टल, एनएसएस पोर्टल तथा छत्तीसगढ़ एनएसएस डैशबोर्ड के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

## शिविर

### नेत्रदान पर जन जागरूकता, वर्ष भर संचालित करने सक्षम ने लिया संकल्प

**बिलासपुर।** सम दृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल सक्षम संस्थान बिलासपुर इकाई की ऑनलाइन प्रांत स्तरीय नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम, परिचर्चा संपन्न हुई। परिचर्चा के मुख्य वक्ता नेत्र बैंक जबलपुर के संचालक एवं प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ पवन स्थापक थे। इस दौरान सक्षम संस्था ने नेत्रदान पर जन जागरूकता कार्यक्रम पूरे वर्ष भर संचालित करने का संकल्प लिया। विदित हो कि डॉ पवन स्थापक लगभग 2 हजार लोगों के कार्निया का प्रत्यारोपण स्वयं कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में लाखों व्यक्ति कॉर्निया की खराबी के कारण अंधत्व की मार झेल रहे हैं। यदि नेत्रदान का प्रतिशत बढ़ता है तो कॉर्निया की खराबी के कारण दृष्टिबाधित लोग दृष्टिवान हो सकते हैं, इसलिए समाज में नेत्रदान हेतु जन जागरूकता व्यापक स्तर पर संचालित करने की आवश्यकता है। इस ऑनलाइन परिचर्चा में सक्षम के प्रांत अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र शुक्ला, प्रांत उपाध्यक्ष डॉ राजेश अवस्थी, प्रांत सहसचिव अंजलि चावड़ा, रामजी राजवाड़े, पदमा शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रांत सचिव अनूप कुमार पांडेय ने किया।




## स्पोर्टर्स न्यूज

### क्रिकेट संघ बिलासपुर की अंडर 23 टीम में खिलाड़ी चयनित



**बिलासपुर।** क्रिकेट संघ बिलासपुर के तत्वावधान में चयन ट्रायल के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर जिले की अंडर 23 टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जिनका ट्रायल 3 अप्रैल को रायपुर में लिया जाएगा।

क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव देवेन्द्र सिंह ने बताया कि स्टेट क्रिकेट संघ के निर्देशानुसार क्रिकेट संघ बिलासपुर के तत्वावधान में बुधवार को अंडर 23 का ट्रायल आधारशीला विद्या मंदिर स्कूल कोनी में संपन्न कराया गया, जिसमें 57 खिलाड़ियों ने अपने क्रिकेट के बारीकियों और स्किल का प्रदर्शन किया। स्टेट ट्रायल के लिए चयनकर्ता शैलेश सैमुअल, सुशांत शुक्ला, नावेद अली और अभिनव शर्मा द्वारा खिलाड़ियों के फिटनेस, बल्लेबाजी और गेंदबाजी के प्रदर्शन को देखते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट अंडर 23 के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में जी श्रीकांत, उपेंद्र कुमार यादव, सूरज कुमार पाटले, एम गतिक राव, परविंदर सिंह वालिया, अभ्युदय धर दीवान, अमृतांश शुक्ला, मयंक सोनकर, अनुज चंद्रा, आर्यन जायसवाल, आनंद पासवान, आजम हुसैन, रोहित नेतानी, दिव्यांश मिश्रा, युवराज कश्यप, जी आकाश सोनवानी, रिषभ शर्मा, अंकित कुमार सिंह, मोहम्मद साद, आयुष मिश्रा, युवराज सिंह परिहार, अभिषेक सोलोमन, सुयश कुमार दत्ता, ज्यमित भट्टाचार्य, शेख साहिल हुसैन, अखिलेश शर्मा, अनुभव सोनी, दीपक कुमार साहू, जितेश कुमार और ओम वैष्णव शामिल हैं। सभी खिलाड़ी गुरुवार 2 अप्रैल को रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां शुक्रवार 3 अप्रैल को रायपुर के शहीद वीर नारायण अंतरराष्ट्रीय मैदान में अंडर 23 छत्तीसगढ़ स्टेट ट्रायल लिया जाएगा। सभी खिलाड़ी अपने ओरिजिनल दस्तावेज आधार कार्ड, बर्थ सर्टिफिकेट, स्वयं के कीट बैग और सफेद वेशभूषा ले जाना अनिवार्य किया गया है। स्टेट ट्रायल के पश्चात संभावित खिलाड़ियों का 8 अप्रैल को सलेक्शन मैच करके खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

### प्रथम खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स मलखंभ में हिस्सा लेने टीम रवाना

प्रथम खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स में मलखंभ प्रतियोगिता का आयोजन अंबिकापर सरगुजा के गांधी मैदान में 2 से 4 अप्रैल तक किया जाएगा, जिसमें हिस्सा लेने के लिए छत्तीसगढ़ टीम में महिला-पुरुष खिलाड़ियों का चयन किया गया है। यह खिलाड़ी खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स में हिस्सा लेने रवाना हो गए हैं। चयनित किए गए खिलाड़ियों के महिला वर्ग में अनिता गोटा, दुर्गेश्वरी कुमेटी, सरिता पोयम, संतय पोटाई, मोनिका पोटाई, डिम्पी सिंह, पुरूष टीम के खिलाड़ियों में मानू धुरूव, राजेश कोर्राम, राकेश कुमार वरदा, मोनू नेताम, मगड़ पोड़ियम, आयुष सिंह सिदार शामिल हैं।









प्रतियोगिता को संपन्न कराने की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ शासन ने छत्तीसगढ़ मलखंभ संघ के सचिव डा.राजकुमार शर्मा को प्रतियोगिता प्रबंधक एवं राज्य समन्वयक बनाकर दी है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य से प्रेमचंद शुक्ला, अनिल सिंह, पुष्कर दिनकर, अकलेश कुमार नारंग,कृष्णा प्रसाद यादव तकनीकी अधिकारी बनाए गए हैं।

### फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में समर कैंप शुरू

**बिलासपुर।** हर साल की तरह इस बार भी गर्मी की छुट्टियों में शहर के बच्चों को खेल के प्रति जागरूकता पैदा करने महाराणा प्रताप चौक स्थित फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में 1 अप्रैल से समर कैंप प्रारंभ किया गया। जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों को क्रिकेट का प्रशिक्षण दिया गया। आज समर कैंप में पहले दिन बच्चों में काफी उत्साह दिखा। नवोदित बच्चे क्रिकेट सीखने के लिए अपने माता-पिता के साथ खेल मैदान पहुंचे थे। सभी खिलाड़ियों को जर्सी भी दी गई तथा खेल मैदान में अनुशासन की जानकारी भी दी गई। शहर के बच्चों को क्रिकेट की तकनीकी जानकारी देने तथा क्रिकेट के क्षेत्र में शहर का नाम रोशन करने के लिए प्रिंस भाटिया के द्वारा महाराणा प्रताप चौक के पास 1-1 साल पहले फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी की स्थापना की गई थी। और हर साल गर्मी की छुट्टियों में स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए समर कैंप भी लगाया जाता है। क्रिकेट के वरिष्ठ कोच के द्वारा खिलाड़ियों को बल्लेबाजी, गेंदबाजी, क्षेत्ररक्षण तथा नहीं टेक्नोलॉजी के साथ प्रशिक्षण दिया जाएगा। समर कैंप में एडमिशन के लिए कई दिनों से प्रक्रिया चल रही थी। भीड़ को देखते हुए समर कैंप मैं खिलाड़ियों के प्रवेश के लिए एक सीमित संख्या निर्धारित की गई । आज फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया ने समर कैंप का औपचारिक उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि गर्मी के दिनों में स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए उनकी परीक्षा के बाद समर कैंप पिछले 11 साल से फाउंडेशन क्रिकेट खेल मैदान में किया जा रहा है। जिसमें बालक एवं बालिका दोनों वर्ग को क्रिकेट के प्रशिक्षण कोच के द्वारा दिए जा रहे हैं। यहां पर रणजी ट्रॉफी के खिलाड़ी कोच के द्वारा इस नए फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी खेल मैदान में अत्यधिक नई टेक्नोलॉजी के बॉलिंग मशीन, टर्फ विकेट, एस्ट्रो टर्फ विकेट पर बच्चों को क्रिकेट का विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। आज समर कैंप में पहले दिन बच्चों के माता-पिता भी काफी उत्साहित दिखे। समर कैंप प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगा।

■ नई टेक्नोलॉजी से बच्चों को सिखाए जा रहे क्रिकेट के गुर

## खबर संक्षेप

### महतारी वंदन योजना का ई-केवाईसी अभियान आज से

**मुंगेली।** जिले में 3 अप्रैल से महतारी वंदन योजना के सभी हितग्राहियों का ई-केवाईसी अभियान प्रारंभ किया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी संजुला शर्मा ने बताया कि तकनीकी कारणों से तिथि में बदलाव किया गया है। तकनीकी टीम एवं विभागीय उच्च अधिकारियों के साथ चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया है। इसके पूर्व 2 अप्रैल को रियल-टाइम वातावरण में परीक्षण किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र से 5 हितग्राहियों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि, अभियान का मुख्य उद्देश्य योजना से जुड़े सभी हितग्राहियों के विवरण का सत्यापन कर पारदर्शिता सुनिश्चित करना है, ताकि पात्र महिलाओं को योजना का लाभ बिना किसी बाधा के निरंतर मिलता रहे। ई-केवाईसी की प्रक्रिया बायोमेट्रिक माध्यम से कॉमन सर्विस सेंटर के जरिए संपन्न की जाएगी। इस कार्य के लिए संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किया गया है। हितग्राहियों को अपने निकटतम च्वाइस इस सेंटर पर पहुंचकर ई-केवाईसी कराना अनिवार्य होगा।

### उठाव के लिए 10 हजार क्विंटल धान केंद्रों में शेष

**मुंगेली।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले ने धान खरीदी और उठाव के क्षेत्र में वर्तमान में मात्र 02 प्रतिशत, अर्थात 10 हजार 382 क्विंटल धान ही उपार्जन केंद्रों में शेष है, जिसे शीघ्र उठाव के लिए आवश्यक कार्यवाही जारी है। उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिले की 66 समितियों के अंतर्गत संचालित 105 खरीदी केंद्रों के माध्यम से कुल 53 लाख 194 क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की गई। खरीदी के पश्चात केंद्रों से धान के सुव्यवस्थित उठाव हेतु त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रशासन द्वारा पूरे खरीदे गए धान का डी.ओ. (डिलीवरी ऑर्डर) जारी कर दिया गया। इसके परिणामस्वरूप अब तक 51 लाख 09 हजार 13 क्विंटल से अधिक धान का मिलर्स द्वारा सफलतापूर्वक उठाव किया जा चुका है।

## निधन

### ज्योति हरणगांवकर (भारती)

**बिलासपुर।** सरकंडा जबड़ापारा निवासी ज्योति हरणगांवकर (भारती) का 1 अप्रैल बुधवार की सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्वर्गीय शरद हरणगांवकर की धर्मपत्नी, स्वर्गीय दिलीप हरणगांवकर, नारायण हरणगांवकर की भाभी एवं विश्वनाथ, श्रीराम, संजय, दत्तात्रेय, शशांक, भास्कर की चाची थीं।



## नया कार्यालय उपभोक्ता व किसानों के लिए साबित होगा मील का पत्थर: धर्मजीत

# सकरी में विद्युत मंडल के संभागीय कार्यालय का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सकरी

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के नए संभागीय कार्यालय का लोकार्पण बुधवार को सकरी में आयोजित समारोह में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने की।

इस अवसर पर कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। लोकार्पण के साथ ही क्षेत्र के 344 गांवों के लगभग 1 लाख 7 हजार बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलने जा रही है। अब उन्हें बिजली संबंधी कार्यों के लिए पेंड्रा या मुंगेली नहीं जाना पड़ेगा, बल्कि सभी सुविधाएं सकरी में ही उपलब्ध होंगी।

■ 344 गांवों के 1 लाख 7 हजार उपभोक्ताओं को मिलेगी बड़ी राहत

इस मौके पर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि, यह नया संभागीय कार्यालय क्षेत्र में आम उपभोक्ता एवं किसानों के विद्युत व्यवस्था हेतु विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि, पहले जिले का विद्युत क्षेत्र अव्यवहारिक रूप से विभाजित था, जिससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानी होती थी। अब तखतपुर के 170, कोटा के 164 और बेलतरा के 10 गांवों के उपभोक्ताओं को सकरी डिविजन ऑफिस से सेवाएं आसानी से मिल सकेगी। उन्होंने विद्युत विभाग के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर एवं विभागीय अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि, उन्होंने क्षेत्र की जनता की समस्याओं को समझा और उनके समाधान के लिए तत्परता दिखाई। क्षेत्र के जनता की ओर से मै उनका आभार जताता हूं। विद्युत मंडल के एमडी भीम सिंह कंवर ने सकरी में संभागीय कार्यालय खुलने की बधाई देते हुए किसानों और उपभोक्ताओं से मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना का लाभ उठाने की अपील की। एसई सुरेश जांगड़े ने सकरी विद्युत संभागीय कार्यालय से लाभान्वित उपभोक्ताओं का वित्त प्रतिवेदन रखते हुए उसलापुर, पोड़ी एवं विजयपुर में नए सब स्टेशन स्थापित किए जाने की जानकारी दी। कार्यक्रम के संचालन में कार्यपालन अभियंता एके अंबष्ट, डीई अनुपम सरकार व एई प्रमोद चौबे का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम को बिलासपुर महापौर पूजा विधानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक, नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, जिला पंचायत सभापति भारती माली एवं अंबिका साहू,जोन अध्यक्ष दिलीप कोरी, पार्षद द्वय किरण टंडन, कुसुम कोसले, मंडल अध्यक्ष सकरी रवि मेहर, तखतपुर नैनलाल साहू, काठाकोनी रामकुमार निर्मलकर, जिला उपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विशाल विक्की सिंह, तखतपुर विधायक के विद्युत सलाहकार श्याम नारायण गुप्ता ने भी संबोधित किया।

**ये रहे मौजूद-** इस अवसर पर अनिल पप्पू शर्मा, संतोष वस्त्रकार, सौरभ पांडे, जनपद सदस्य श्याम सिंह ध्रुव, मनहरण लाल कौशिक, महेश यादव, अरुण चौहान, अश्वनी श्रीवास, सुभाष गढ़वाल, शिव भोलानाथ तिवारी, कृष्ण कुमार साहू, अमित मंदानी, प्रमोद ठाकुर, सतीश सोनकर, अश्वनी श्रीवास, गुलजीत खुराना, नैनलाल साहू, दिलीप कोरी, कुसुम कोसले, किरण टंडन , राजेश टंडन, भारती माली, अंबिका विनोद साहू, अमर गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, राजकमल साहू , मनीष तिवारी, जितेन्द्र सूर्यवंशी, राजेश देवांगन, प्रकाश पाल, संजय भार्गव, संजय यादव, राजेश्वरी पटवा, ओमप्रकाश पटवारी, मंगला पांडे, गौरी साहू, लक्ष्मी साहू, मनोज बंटी तिवारी, अशोक ठाकुर, राजकमल कश्यप, जितेंद्र सूर्यवंशी, संदीप श्रीवास, अरुण चौहान, जगत साहू, राजेश देवांगन, कामता कुलमित्र, दिनेश शर्मा, एसडीएम नितिन तिवारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं उपभोक्ता उपस्थित थे।




### सौर ऊर्जा से पर्यावरण संरक्षण के साथ आर्थिक बचतः सुशांत

वर्तमान में बिजली उत्पादन का मुख्य स्रोत कोयला है, जिससे पर्यावरण पर भी प्रभाव पड़ता है। ऐसे में सौर ऊर्जा अपनाकर हम पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आर्थिक बचत भी कर सकते हैं। उन्होंने सभी से बिजली के अपव्यय को रोकने का संकल्प लेने का आग्रह किया।

### सामूहिक प्रयास से जनता को मिली यह सौगातः अटल

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि, यह कार्यालय क्षेत्र की पुरानी मांग थी, हम सभी के सामूहिक प्रयास से आज जनता को यह सौगात मिली है। इससे आम जनता को काफी राहत मिलेगी।

## हनुमान जन्मोत्सव आज, संकट मोचन की भक्ति में डूबेगा अंचल



**सीपत।** भगवान हनुमान के जन्मोत्सव को लेकर पूरे अंचल में उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना है। क्षेत्र के सभी हनुमान मंदिरों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिरों का रंग-रोगन कर आकर्षक लाइटों से सजाया गया है, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल नजर आ रहा है।

इसी क्रम में सीपत के बजरंग चौक स्थित हनुमान मंदिर और नवाडीह चौक स्थित हनुमान मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है एवं साज-सज्जा के साथ भक्तों के स्वागत की तैयारियां की गई हैं। मंदिर को आकर्षक रंग-रोगन और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। मंदिरों की साज-सज्जा इतनी भव्य है कि, दूर से ही भक्तों का मन श्रद्धा से भर उठ रहा है। श्रद्धालु सुबह से ही अंजनी पुत्र के दर्शन के लिए मंदिरों में पहुंचेंगे और संकट मोचन के चरणों में शीश नवाकर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सुबह से ही मंदिरों में पूजा-अर्चना शुरू होगी। दिनभर सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा का पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालु पूरे दिन संकट मोचन की भक्ति में लीन रहेंगे, और भगवान से सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। सुबह से ही अंजनी पुत्र के दर्शन के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है। जैसे ही शाम ढलेगी, मंदिरों में दीपों की जगमगाहट और रोशनी से पूरा क्षेत्र आलोकित हो उठेगा। शाम के समय विशेष महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जिसके बाद विभिन्न स्थानों पर भव्य भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। मंदिर समितियों और स्थानीय युवाओं की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। साफ-सफाई, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था को लेकर भी खास ध्यान दिया गया है। हनुमान जन्मोत्सव के इस अवसर पर पूरा अंचल भक्ति, आस्था और उत्साह के रंग में रंगने को तैयार है।

■ मंदिरों में आकर्षक सजावट, जगह-जगह होगा भंडारे




## बजरंग दल की त्रिशूल दीक्षा एवं शौर्य यात्रा कार्यक्रम

**पेंड्रा।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल जिला इकाई के तत्वावधान में बुधवार को पेंड्रा नगर में 'विराट त्रिशूल दीक्षा एवं त्रिशूल शौर्य यात्रा' का आयोजन किया गया। स्थानीय मल्टीपरपज हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में सनातन धर्मावलंबियों एवं युवाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक किशन प्रजापत रहे, जिनका पेंड्रा आगमन पहली बार हुआ। कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और जयघोष के साथ उनका स्वागत किया। मुख्य वक्ता के रूप में किशन प्रजापत ने युवाओं से राष्ट्र और धर्म की रक्षा के लिए सजग एवं संगठित रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि, त्रिशूल केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि शांति, शक्ति और सुरक्षा का संदेश देने वाला आयुध है, जिसे धारण करना समाज की रक्षा का संकल्प लेना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष हर्ष छाबरिया ने की। इस अवसर पर संत आचार्य राकेश महाराज, स्वामी परमात्मानंद, स्वामी कृष्णप्रपन्नाचार्य महाराज, रामनामी संत, स्वामी महानंद एवं स्वामी केशवानंद सरस्वती विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी संतों के सान्निध्य में युवाओं को विधि-विधानपूर्वक त्रिशूल दीक्षा दिलाई गई। दीक्षा कार्यक्रम के पश्चात विद्यालय परिसर से भव्य 'त्रिशूल शौर्य यात्रा' निकाली गई। यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जिसमें भगवा ध्वज लिए युवाओं का उत्साह चरम पर रहा। नगरवासियों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। आयोजन को सफल बनाने में बजरंग दल के जिला संयोजक सागर पटेल सहित संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका रही।

## अवैध प्लॉटिंग करने वाले 6 लोगों के खिलाफ नोटिस

### नपा पार्षदों पर अन्य भूमाफिया को बचाने का आरोप



**तखतपुर।** अवैध प्लॉटिंग करने वाले में कुछ भूमाफियाओं को नोटिस देकर नगर पालिका तखतपुर ने कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति कर ली है। नगरपालिका क्षेत्र में कई लोग अवैध प्लॉटिंग कर रहे हैं, लोटिस केवल 6 लोगों के खिलाफ ही जारी की गई है। नगरपालिका क्षेत्र में लंबे समय से अवैध प्लॉटिंग कर बिक्री की जा रही है। ऐसा नहीं है कि, नगरपालिका को इसकी जानकारी नहीं है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर कुछ चुनिंदा लोगों के खिलाफ ही नोटिस जारी कर कागजी कार्रवाई दिखाई जा रही है।

हाल ही में नगरपालिका की ओर से चन्द्रभान कसार, सुभाष सिंह राजपूत, मोहन धुरी, दिनेश ठाकुर एवं गजानंद ठाकुर के खिलाफ नगर में अवैध प्लॉटिंग करने की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। नगर पालिका प्रशासन ने जांच में पाया कि, संबंधित स्थानों पर बिना आवश्यक अनुमति के प्लॉटिंग की गई है, जो नियमों का उल्लंघन है। इस पर कार्रवाई करते हुए सभी संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी कर निर्धारित समय में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। सीएमओ अमरेश सिंह ने बताया कि, फिलहाल संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी किया गया है, जिसमें कुछ लोगों के जवाब प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि, जवाबों के परीक्षण के बाद मामले का भौतिक सत्यापन भी कराया जाएगा, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि, अवैध प्लाटिंग के मामलों में आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आम नागरिकों से अपील की गई है कि, वे भूमि खरीदने से पहले दस्तावेजों की जांच अवश्य करें। इस कार्रवाई से अवैध प्लाटिंग करने वालों में कार्रवाई का भय देखा जा रहा है।

## करनकापा में अखंड नवधा रामायण आज से



**तखतपुर।** करनकापा में अखंड नवधा रामायण का आयोजन 2 से 11 अप्रैल तक किया जा रहा है। इसके आचार्य पंडित रवि शंकर पांडेय, महेश पांडेय एवं मुख्य यजमान बाल कुंवर परसराम मार्के हैं। तैयारी में प्रमोद कौशिक, बनवाली साहू, टीकाराम, डॉ तेरस जायसवाल, महेंद्र साहू सहित अन्य जुटे हुए हैं।

## अखंड नवधा रामायण आज से

**दगोरी।** क्षेत्र में अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ गुरुवार 2 से किया जा रहा है, जिसका समापन 12 अप्रैल को जलयात्रा, हवन सहस्त्रधारा के साथ होगा। लगातार 18 वर्ष से यहां भगवान श्रीराम चंद्र की कथा का आयोजन कराया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होकर कथा का रसपान मंचस्थ होकर भक्तिमयी वातावरण में कथा का श्रवण करेंगे। प्रदेश के विभिन्न जिलों व ग्राम से मानस मंडलियां आयोजन में प्रभु की भक्ति का बखान करेंगे। आचार्य पं राजा चौबे, ईश्वर तिवारी घटस्थापना, ज्योति प्रज्वलन व आरती के साथ श्रीअखंड नवधा रामायण का शुभारंभ करेंगे। आयोजन को सफल बनाने समिति के पदाधिकारी, संरक्षक, मानस प्रेमी, सहयोगीजन, सेवाधारी व ग्रामवासी लगे हुए हैं। आयोजन के तहत पूरे गांव को अयोध्या की तरह सजाया गया है।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/क/अति.तह./वा./20..
बिलासपुर दिनांक 30/03/26

एतत द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम बिजौर प.ह.नं. 30 रा.नि.म. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक/आवेदिका परमेश्वर पिता/पति रामाधार कौशिक निवासी ग्राम बिजौर तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर के द्वारा प.ह.नं. 30 मौजा बिजौर स्थित भूमि ख.नं. 1/40, 100/2, 109, 111/3, 115/घ रकबा 0.7400 एकड़/हे. भूमि को आवेदक द्वारा इस न्यायालय में छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत वसीयत नामांतरण/फौती नामांतरण/क्रय विक्रय/दानपत्र के आधार पर किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 16/04/26 समय 11:00 बजे उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/03/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास योजना मंगला बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी.-959 मूल आबंटी श्री उमाकांत पाण्डेय पिता श्री पिता स्व. श्री के.डी.पाण्डेय का मृत्यु दिनांक 19.01.2020 को हो जाने के कारण उसके पत्नी श्रीमती मंजु पाण्डेय पति स्व. श्री उमाकांत पाण्डेय के नाम पर नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 06.032007 को पंजीकृत है । इसके उपरांत प्रथम केता द्वारा विलेख दिनांक 06.11.2024 को पंजीकृत करने के पश्चात उक्त भवन श्रीमती जागृति सेन, पति श्री राजेश सेन के नाम नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/ अर्द्धशासकीय /संस्था आदि को इस भूखण्ड/ भवन को एकल नाम पर करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नही होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/ हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास योजना मंगला बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी.-622 मूल आबंटी श्री महेशधर शर्मा पिता श्री पिता स्व. श्री राजधर शर्मा के मृत्यु दिनांक 22.06.2022 को हो जाने के कारण उसके वारिस श्रीमती प्रभा शर्मा पिता श्री महेशधर शर्मा के नाम पर नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 10.10.2006 को पंजीकृत है। इसके उपरांत प्रथम क्रेता द्वारा विलेख दिनांक 22.04.2024 को पंजीकृत करने के पश्चात उक्त भवन श्रीमती सुनीता साहू पति श्री दिनेश कुमार साहू के नाम नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/ अर्द्धशासकीय /संस्था आदि को इस भूखण्ड/ भवन को एकल नाम पर करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नही होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/ हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सपना राठौर पिता गिरधारी लाल राठौर निवासी सरखो थाना नैला तहसील व जिला जांजगीर (छ.ग.) के नाम ग्राम मोपका प.ह.नं. 19/29 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील बिलासपुर व जिला बिलासपुर में खसरा क्रमांक 446/24 एवं 446/23 रकबा 1099.16 एवं 1237.5 वर्गफीट भूमि व मकान स्थित है। उक्त भूमि को मेरे पक्षकार गीता तिवारी पिता/पति धरम नारायण तिवारी निवासी वार्ड क्र. 9 मनेन्द्रगढ़ तहसील व जिला मनेन्द्रगढ़ द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा करते हुये अग्रिम राशि बयाना बतौर प्रदान करते हुये अनुबंध पत्र निष्पादित करवाये है। यदि उक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, संस्था, समूह समिति, शासकीय अर्द्धशासकीय निजी बैंक को दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर नीचे लिखे पते व दस्तावेज सहित लिखित में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय अवधि बाद एवं फोन से दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जाने।

**भवदीय**
**दिनेश माधवानी अधिवक्ता**
**आसमा होम सिटी ए.जे.28 सकरी**
**जिला बिलासपुर छ.ग.**
**मो.नं. 9300320237**
**9340048309**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा जनक राम यादव पिता स्व. महेत्तर यादव निवासी वार्ड नंबर 20 यादव मोहल्ला भरनी बिलासपुर से इनके नाम पर ग्राम घुरू प.ह.नं. 61 रा.नि.मं. सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि का खसरा नम्बर 80/2 रकबा 0.0810 हे. एवं खसरा नम्बर 80/3 रकबा 0.0520 हे. भूमि खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत् यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने।

**भवदीय- रवि प्रसाद साहू**
**पिता स्व. श्री रामानुज साहू**
**भागीदार मेसर्स पूजा कंस्ट्रक्शन**
**मकान नंबर 430, उस्लापुर,**
**वाइट हाउस के पीछे, आनंद नगर, अमेरी, बिलासपुर**
**मो. 9827924892**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/Q/ सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक 16/03/2026

प्रति, 1. आवेदक मल्लिका बाई वगैरह पति फिरोज हुसैन आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2 संतोष सोनार संजय सोनार 3 खातुन निशा 4 ए.के. वर्मा 5. महमूद आलम।

विषय:– सीमांकन में उपस्थिति बाबत एवं आप सभी हितबद्ध पक्षकार

संदर्भ: – न्यायालय तहसीलदार / क्र. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह/ना तह/वा/ 2024 बिलासपुर, दिनांक 19/02/2026

ग्राम मोपका प.ह.न. 29 रा.नि.म. मोपका तहसील व जिला–बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 2033/3 रकबा 0.3600 हे. हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक मल्लिका बाई निवासी बोहरा मस्जिद के पास खपरगंज बिलासपुर के द्वारा छ.ग.भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार / ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 09.04.26 को समय 10:00 से 5 के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक, मोपका

**समक्ष नोटरी सिविल**
**जिला बिलासपुर छ.ग.)**
**शपथ पत्र (नाबालिक पुत्र/पुत्री के नाम परिवर्तन के मामले में)**

मैं शौर्य शक्ति शर्मा / SHOURYA SHAKTI SHARMA (पिता का नाम) स्व. नवल किशोर शर्मा निवासी ग्राम डंगनिया (खैरा) एतद् द्वारा पूर्णतः पुष्टि करता हूँ और निम्नानुसार घोषित करता हूँ:-

1- मैं ग्राम डंगनिया (खैरा) का स्थायी निवासी हूँ।

2- मैं अपने नाबालिक पुत्र श्रयन्श शर्मा / SHRYENSH SHARMA से बदलकर श्रेयांश शर्मा/SHREYANSH SHARMA करवाना चाहता हूँ।

3- मैं अपने पुत्र का नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करता हूँ तो उसके लिये जिम्मेदार स्वयं रहूंगा।

4- मेरी पत्नि सरिता शर्मा पति शौर्य शक्ति शर्मा को हमारे नाबालिक पुत्र के नाम बदलने में कोई आपत्ति नहीं है।

5- मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूँ तथा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**शपथकर्ता के हस्ताक्षर**
**शौर्य शक्ति शर्मा**

**शपथ पत्र**

मैं शपथकर्ता-पालेश्वर प्रजापति आयु 36 वर्ष, पिता श्री आनंद कुमार प्रजापति जाति - कुम्हार (पिछड़ा वर्ग) निवासी वार्ड क्र.2 कुम्हारपारा दुर्गा मंदिर चौक सकरी, थाना सकरी, तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) का हूं जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूं:- 01. यह कि, उपरोक्त पते का मैं मूल निवासी हूँ। 02. यह कि, मेरे पुत्र की सही एवं वास्तविक नाम भावार्थ प्रजापति पिता श्री पालेश्वर प्रजापति माता का नाम श्रीमती यामिनी प्रजापति, मेरे पुत्र भावार्थ प्रजापति के नाम से जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर 2019-01-031531 जारी दिनांक 30/11/2019 है। 03. यह कि, मेरे पुत्र भावार्थ प्रजापति जो कि पी.एम.श्री केन्द्रीय विद्यालय संगठन सी.आर.पी.एफ. कैम्प राँची (झारखण्ड) मैं कक्षा बालवाटिका 3 में नियमित परीक्षार्थी के रूप में अध्ययनरत हैं, तथा मेरे पुत्र के स्कूली प्रमाण पत्र में एवं स्कूली दस्तावेज में मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम भावार्थ प्रजापति के स्थान पर भावार्थ अंकित हुआ है तथा उपनाम सरनेम-प्रजापति- अंकित होना छूट गया है। 04.यह कि, भावार्थ प्रजापति एवं भावार्थ एक ही व्यक्ति का नाम है जो कि मेरे पुत्र का नाम है। 05.यह कि, मेरे पुत्र के उपरोक्त स्कूली दस्तावेजों एवं स्कूली प्रमाण पत्रों में सही व वास्तविक नाम भावार्थ प्रजापति के नाम से अंकित किया जावे, जानी जावे एवं पढ़ी जावे जिसके समर्थन में मैं यह शपथ पत्र प्रस्तुत किया हूँ।

पालेश्वर प्रजापति
शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं पालेश्वर प्रजापति यह सत्यापित करता हूं कि इस शपथ पत्र की कंडिका क्रमांक 1 से लेकर 5 तक में लिखी गई समस्त बातें सही व सत्य हैं।

अतः आज दिनांक 01/04/2026 को मुकाम बिलासपुर में पढ़कर, समझकर अपना हस्ताक्षर सत्यापित किया।

पालेश्वर प्रजापति
शपथकर्ता

**न्यायालय नायब तहसीलदार पथरिया तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202510251400001/अ-70/ 2025-26 ग्राम मंझरेटा प.ह.नं. 12

**समाचार पत्र के माध्यम से नोटिस**

प्रति,
1. मनहरण लाल श्याम पिता राम प्रसाद श्याम, 2. मिश्री लाल ध्रुव पिता बलीराम ध्रुव, 3. कांतिबाई पति बेदराम ध्रुव, 4. सुरजा बाई पति सलीराम नेताम, सभी जाति गोंड़ निवासी ग्राम मंझरेटा तहसील पथरिया जिला-मुंगेली (छ.ग.)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक फिरतू गोंड पिता गोवर्धन गोंड निवासी ग्राम मंझरेटा तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) अन्य 04 द्वारा ग्राम मंझरेटा प.ह.नं. 12 रा.नि.मं. अमोरा तहसील पथरिया जिला मुंगेली छ.ग. में स्थित कृषि भूमि ख.नं. 147, 173/5, 225/1, 235/6 रकबा क्रमशः 0.0610, 0.0690, 0.0890, 0.1820 हेक्टेयर कुल ख.नं. 04 कुल रकबा 0.4010 हे. कृषि भूमि जो राजस्व अभिलेख में (1) फिरतु पिता गोवर्धन (2) कुमारी वाई पिता गोवर्धन (3) गंगोत्री पिता गोवर्धन (4) खेलन बाई पिता गोवर्धन (5) ईश्वर पिता रोहन के नाम पर शामिल खाते में दर्ज है। आवेदित भूमि का विधिवत सीमांकन कराया गया है जिसमें अनावेदक गण द्वारा किए गए अनाधिकृत कब्जा से बेदखल किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है जिसमे आगामी सुनवाई तिथि 08/04/2026 को नियत है। अतः इस न्यायालय में उक्त तिथि को प्रातः 11 बजे उपस्थित होवें। अनुपस्थित होने की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 27/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा के अधीन जारी किया।

**तहसीलदार**
**पथरिया जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी बिलासपुर**

**-: सीमांकन सूचना/स्थल जाँच :-**

प्रति, 1. आवेदक राबिन्सन जोसफ पिता जोसफ साईमन 2. गिरीश कुमार दिघ्रस्कर 3. केसरी बाई 4. पेट्रिक साइमन 5. राकेश चतुर्वेदी 6. सुगरा बानो 7. अजय कुमार साहू 8. कृपाल साहू 9. उषा दुबे 10. राजेश राजेंद्र सीमा सुमन पिता बिसाहू रेशम बाई 11. सुखनंदन यादव पिता दिलहरण यादव 12. नीता साहू 13. गुलशन देव 14. अनिल कुमार बंधे 15. राजाराम जांगडे 16. गिरजा प्रेमलाल साहू 17. गोविंद प्रसाद दिवाकर 18. अन्य हितबद्ध पक्षकार।

विषयः सीमांकन/स्थल में उपस्थित रहने बावत।

सन्दर्भः न्यायलय तहसीलदार/ अति.तह. ना. तह. के ज्ञापन दिनांक 17/02/2026

संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम घुरु प.ह.न. 61 रा.नि.म. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा न. 368/3 रकबा 0.1940 हे. एकड/हेक्टेयर भूमि स्वामी राबिन्सन जोसफ पिता/पति जोसफ साईमन निवासी मंगला चौक बिलासपुर के द्वारा सीमांकन/स्थल जाँच का आवेदन प्रस्तुत किया हैं। उक्त भूमि का सीमांकन/स्थल जाँच दिनांक 8/4/2026 को समय 11 से 5 बजे किया जावेगा।

अतः आप सभी संबंधी भूमि समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें।

अनुपस्थित की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी । अतः सुचना जाने।

टीपः विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/स्थल जाँच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता हैं।

1. न्यायलय तहसीलदार / अति.तह. तह. को सूचनार्य 2. हल्का पटवारी को सूचनार्थ 3. नगर पालिक निगम बिलासपुर सूचनार्थ

राजस्व निरीक्षक सकरी

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**:: ईश्तहार ::**

रा.प्र.क्रं. 20260325050003अ-2/2025-26
ग्राम सोनपुरी प.ह.नं. 4

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवे. कमला देवी पति संतोष कुमार निवासी भटगांव तहसील पथरिया जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा ग्राम सोनपुरी प.ह.नं. 4 स्थित स्वामित्व हक की भूमि खसरा नं. 420/3, 464/1, 464/2, रकबा 0.206, 0.417, 0.413 कुल रकबा 1.036 हे. भूमि में से रकबा 111180 वर्गफुट को औद्योगिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति / दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 10/04/26 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.03.26. को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**:: ईश्तहार ::**

रा.प्र.क्रं. 20260325050003अ-2/2025-26
ग्राम सोनपुरी प.ह.नं. 4

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवे. मनीषा तिवारी पति मोहित निवासी भटगांव तहसील पथरिया जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा ग्राम सोनपुरी प.ह.न. 4 स्थित स्वामित्व हक की भूमि खसरा नं. 398/3, 399/1, 462/10, 462/5, 462/8 रकबा 0.648, 1.523, 0.842, 0.624, 0.405 कुल रकबा 4. 042 हे. भूमि में से रकबा 435128 को औद्योगिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/ दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 10/04/26 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.03.26. को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**:: ईश्तहार ::**

रा.प्र.क्रं. 20260325050003अ-2/2025-26
ग्राम सोनपुरी प.ह.नं. 4

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवे. अनुपमा सोनी पति लक्ष्मीप्रसाद निवासी भिलाई तहसील तहसील भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा ग्राम सोनपुरी प.ह.न. 4 स्थित स्वामित्व हक की भूमि खसरा नं. 462/12 रकबा 0.404 हे. को औद्योगिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 10/04/26 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.03.26. को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास योजना सैदा बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक एल.आई.जी.-193 मूल आबंटी श्रीमती मिथलेश दुबे पति श्री रमेश कुमार दुबे के नाम पर आबंटित है। आबंटी अपने उक्त भवन को प्रथम क्रेता नम्रता राजवाड़े पिता श्री तखतराम राजवाड़े को विक्रय करना चाहता है। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्ध शासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का दुबे ने किया स्वागत



**बिलासपुर।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बागेश्वर धाम सरकार और बाबा बागेश्वर आज कोरबा में अपनी कथा के पश्चात बिलासपुर पहुंचे। जहां काफी लोगों ने उनसे मुलाकात की जिसमें विशेष रूप से सीएमडी कॉलेज के अध्यक्ष संजय दुबे ने चर्चा की। उन्होंने बताया कि बिलासपुर का इंतजार भी जल्दी खत्म होगा। श्री दुबे ने बताया की महाराज श्री की इच्छा बिलासपुर में कथा करने की है। उन्होंने बताया कि जल्द ही इसके लिए आगे बातचीत होगी। बिलासा एयरपोर्ट पर चर्चा हुई। इस अवसर पर एसएसपी रजनीश सिंह, कलेक्टर संजय अग्रवाल शहर के नागरिक व महापौर पूजा विधानी सहित सभी लोगों ने उनका स्वागत किया।

### भाजयुमो ने शहीदों को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि, शामिल हुए अमर



**बिलासपुर।** भाजयुमो जिला शहर द्वारा शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नगर विधायक अमर अग्रवाल ने तत्कालीन पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव स्व.विनोद चौबे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ने भी माल्यार्पण किया। भाजयुमो कार्यकर्ता सिविल लाइन थाना स्थित शहीद चौबे स्मारक के समक्ष एकत्रित हुए और नक्सलवाद के आतंक में शहीद हुए सभी वीर जवानों को याद करते हुए दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने नक्सल उन्मूलन के लिए केंद्र की मोदी सरकार, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राज्य की साय सरकार तथा निरंतर संघर्षरत सुरक्षा बलों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अजीत सिंह भोगल, दुर्गेश पाण्डेय, देवेंद्र पाठक, रोशन सिंह, वैभव गुप्ता, केतन वर्मा, राजकमल कश्यप, महर्षि बाजपेई, निलेश सिंह, अंकित पाल, मोनू रजक, राहुल सिंह, नितिन पटेल, अमर राजपूत, देवासीस दत्ता, योगेश देवांगन, तनुज वोहरा, गुलशन खांडेकर, अनीश गुप्ता, अरुण लस्कर, पृथ्वी श्रीवास, संदीप श्रीवास, हरीश यादव, साहिल भाभा, मनीष कौशिक, सिद्धार्थ त्रिवेदी, आनंद कश्यप, राहुल महंती, मोनू मिश्रा, शुभम मिश्रा, साहिल बेरिया, अमन सोनी, राम सचदेवा, केशव यादव, शिवांश पाठक, करण पांडे, आकाश पाटले, आदर्श बेरिया आदि मौजूद थे।

### एयू में राष्ट्रीय सेवा योजना ईटीआई प्रशिक्षण का आयोजन



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों के लिए आयोजित ईटीआई प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस का शुभारंभ किया गया। प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता डॉ. वाईके तिवारी कोरबा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मनोज सिन्हा ने की। रेखा गुल्ला, डॉ. कांति अंचल ने विशेष व्याख्यान दिया। इस दौरान सात दिवसीय विशेष शिविर की रूपरेखा के साथ कार्यक्रम अधिकारियों से नवाचार आधारित विभिन्न गतिविधियाँ कराई गईं, जिनका उद्देश्य समाज सेवा के प्रति नई सोच विकसित करना रहा। तृतीय एवं चतुर्थ सत्र में मुख्य वक्ता सत्येन्द्र कुमार साहू ने 'माय भारत पोर्टल', एन.एस.एस. पोर्टल तथा छत्तीसगढ़ एन.एस.एस. डैशबोर्ड के संबंध में जानकारी दी। अंत में कार्यक्रम अधिकारी शत्रुघन घृतलहरे एवं हिमानी तिवारी ने आभार प्रदर्शन किया।

### उद्यानिकी विभाग की योजनाओं से संवर रहा किसानों का जीवन



**बिलासपुर।** जिले के तखतपुर विकासखण्ड के ग्राम कुरेली निवासी कल्पना उपाध्याय एक प्रगतिशील महिला किसान हैं। उनके पास कुल 2 हेक्टेयर कृषि भूमि है। वर्तमान में लगभग 1.5 हेक्टेयर भूमि में उद्यानिकी फसलों की खेती कर रही है। पहले उनका परिवार मुख्य रूप से केवल पारंपरिक धान की खेती पर निर्भर था। अपनी आय बढ़ाने और खेती में नयापन लाने के उद्देश्य से उन्होंने उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित समेकित उद्यानिकी विकास योजना (वर्ष 2025-26) का लाभ उठाया। योजना के अंतर्गत उन्हें 1.000 हेक्टेयर क्षेत्र में आम के पौधे लगाने और सुरक्षा हेतु फेंसिंग के लिए अनुदान प्रदान किया गया। श्रीमती कल्पना ने मुख्य फसल आम के साथ-साथ स्मार्ट खेती का परिचय देते हुए खेत में अंतर्वर्ती फसलें उगाना शुरू किया। वर्तमान में वे अपने खेत में लौकी, गोभी, बरबट्टी और अन्य साग-भाजी का भरपूर उत्पादन कर रही हैं।

**शिक्षकों की नौकरी पर तलवार लटकी** पहली से पांचवीं में कुल 1,02,506 परीक्षार्थियों में से केवल 19,292 ही उत्तीर्ण हुए हैं

# टीईटी की परीक्षा में 92 प्रतिशत हो गए फेल, 80 हजार शिक्षकों की नौकरी खतरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी 2026) के परिणाम से शिक्षा विभाग और शिक्षकों में उथल-पुथल मची है। सुप्रीम कोर्ट के कड़े रुख के बाद राज्य के सरकारी स्कूलों में वर्षों से सेवाएं दे रहे हजारों शिक्षकों की नौकरी पर तलवार लटक गई है।

दरअसल, एक फरवरी 2026 को आयोजित परीक्षा में बगैर टीईटी के लगभग 80 हजार शिक्षकों में केवल आठ प्रतिशत शिक्षक (लगभग पांच हजार) ही सफल हो सके हैं। दरअसल वर्तमान में राज्य में लगभग 75 हजार शिक्षक बिना टीईटी योग्यता वाले हैं। टीईटी में प्राथमिक स्तर (कक्षा पहली से पांचवीं) में कुल 1,02,506 परीक्षार्थियों में से केवल 19,292 ही उत्तीर्ण हुए हैं। जबकि 83,214 अभ्यर्थी असफल रहे। इस स्तर पर कुल पात्रता प्रतिशत 18.82 प्रतिशत रहा। शिक्षा विभाग के मुताबिक बिलासपुर के 1020 और रायगढ़ के 4207 शिक्षकों को यह परीक्षा पास करनी होगी गौरतलब है कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों के 80 हजार शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पास करनी होगी। तभी उनकी नौकरी बच सकेगी। पिछले साल सुप्रीम कोर्ट का निर्देश आने के बाद शिक्षक पात्रता परीक्षा यानी टीईटी पास करना अनिवार्य हो गया है। राज्य के प्राइमरी और मिडिल सरकारी स्कूलों में करीब 1.93 लाख शिक्षक हैं। इनमें से करीब 42 प्रतिशत ऐसे हैं जो टीईटी क्वालिफाई नहीं है। इनके सामने नौकरी बचाने की चुनौती खड़ी हो गई है। इधर शिक्षक संगठनों द्वारा लगातार मांग की जा रही थी कि आरटीई से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट दी जाए।

### अब शिक्षक संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है

विभागीय परीक्षा और पाठ्यक्रम में ढील की मांग परीक्षा के कठिन स्तर और निराशाजनक परिणाम को देखते हुए अब शिक्षक संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव और डीपीआइ को पत्र लिखकर मांग की है कि सेवारत शिक्षकों के लिए एक 'सीमित विभागीय टीईटी' आयोजित की जाए। संगठनों का तर्क है कि वर्तमान टीईटी का पाठ्यक्रम बहुत कठिन है, जिससे अनुभवी शिक्षकों को परेशानी हो रही है।

### उच्च प्राथमिक स्तर 36,377 अभ्यर्थी सफल

एक फरवरी 2026 को आयोजित परीक्षा में उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा छठवीं से आठवीं) में 1,82,384 परीक्षार्थियों में से 36,377 अभ्यर्थी सफल हुए हैं, जबकि 1,46,007 असफल रहे। इस स्तर पर पात्रता प्रतिशत 19.94 प्रतिशत दर्ज किया गया है। इनमें शिक्षक और अन्य अभ्यर्थी दोनों ही शामिल हैं। ध्यान रहे कि टीईटी पात्रता के बिना न तो नौकरी सुरक्षित रहेगी और न ही भविष्य में पदोन्नति (प्रमोशन) मिल सकेगी। इसी आदेश के अनुपालन में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) ने व्यापमं के माध्यम से परीक्षा आयोजित की थी।

### डीपीआइ ने शुरू की कवायद, मांगा डेटा

शिक्षक संगठनों के दबाव के बाद लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआइ) एक्शन मोड में आ गया है। 13 मार्च 2026 को जारी एक आधिकारिक पत्र के माध्यम से सभी संयुक्त संचालकों (जेडी) और जिला शिक्षा अधिकारियों (डीईओ) से शिक्षकों का आयुवार और श्रेणीवार डेटा मांगा गया है। विभाग अब इस जानकारी के आधार पर एक नई कार्ययोजना तैयार कर रहा है, जिससे बीच का कोई रास्ता निकाला जा सके।

### डेटा मांगा गया है

एक आधिकारिक पत्र के माध्यम से सभी संयुक्त संचालकों (जेडी) और जिला शिक्षा अधिकारियों (डीईओ) से शिक्षकों का आयुवार और श्रेणीवार डेटा मांगा गया है। इस जानकारी के आधार पर एक नई कार्ययोजना तैयार करने की जानकारी है। अंतिम फैसला मंत्रालय स्तर से ही होगा।

- **विजय तांडे**, जिला शिक्षा अधिकारी

घंटों बेरियर से परेशान लोगों को मिली आवागमन की सुविधा

# अमेरी फाटक : अंडरब्रिज बनते ही बंद हुआ रेल क्रासिंग का गेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

11 करोड़ 52 लाख रुपए की लागत से अमेरी रेल क्रासिंग पर अंडरब्रिज का निर्माण कार्य पूरा हो गया है, जहां अब शहर से अमेरी की ओर आने-जाने वाले लोगों की बेरियर बंद के कारण घंटों खड़े रहने की परेशानी दूर हो गई है। वहीं अंडरब्रिज से आवागमन शुरु होने के साथ ही रेल प्रशासन ने रेल फाटक के गेट को हमेशा के लिए बंद कर दिया है।

बिलासपुर से उसलापुर रेलवे स्टेशन के बीच चार रेल क्रासिंग तारबाहर, तिफरा, अमेरी और उसलापुर बनाए गए हैं, जिसमें से तारबाहर में रोड अंडरब्रिज, तिफरा में रोड ओवरब्रिज और उसलापुर रेलवे स्टेशन के पहले रोड ओवरब्रिज का निर्माण कर दिया गया है। अमेरी रेलवे क्रासिंग पर कई सालों से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गौरव पथ सेंट फ्रांसिस स्कूल से लेकर अमेरी की ओर जाने वाले मार्ग के बीच बने रेलवे फाटक से प्रतिदिन 25 हजार से अधिक लोग आना-जाना करते हैं, जिसमें बच्चों के साथ कार्यालयीन कर्मचारी-अधिकारी और ग्रामीणों की



संख्या काफी अधिक है। अमेरी रेल क्रासिंग बिलासपुर से कटनी सेक्शन के बीच बने रेल लाइन की प्रमुख लाइन में से एक है, जहां से प्रतिदिन 150 से अधिक मालगाड़ियों के साथ कटनी की ओर जाने वाली यात्री गाड़ियों का परिचालन किया जाता है। प्रतिदिन एक घंटे में ट्रेन गुजरने का आंकड़ा 5 से 10 का होता है, जिसके कारण फाटक ज्यादातर बंद रहते हैं। लोगों की परेशानियों को देखते हुए कई सालों से एक रोड अंडरब्रिज बनाने की मांग की जा रही थी, इसके लिए जोन मुख्यालय की ओर से रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। इस प्रस्ताव के बाद रेलवे बोर्ड ने राज्य शासन की अनुशंसा के साथ 11 करोड़ 52 लाख रुपए में रोड अंडरब्रिज बनाने की स्वीकृति दे दी। करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाले अंडरब्रिज का काम वर्ष 2022-23 में शुरु कर दिया गया था, जिसके वर्तमान में पूरा होने के बाद लोगों को अवागमन की सुविधा मिलने लगी है।

### स्कूली बच्चों को थी परेशानी

घुरु अमेरी से तिफरा तक शहर की आबादी का बड़ा हिस्सा इलाके में निवास करता है। सालों से अमेरी रेल क्रासिंग से गुजरना परेशानी का कारण बना था। फाटक जैसे ही खुलता है दो पहिया और चार पहिया वाहन के चालक हार्न बजाकर आगे बढ़ने कोशिश करते थे। इससे काफी शोर होने के कारण के कारण सेंट फ्रांसिस स्कूल के बच्चों और अस्पताल में भर्ती मरीजों को काफी परेशानी हो रही थी।

### रेलवे ने किया पूरा काम

जानकारी के अनुसार वर्ष 2022-23 में रेलवे और मार्च 2023 में राज्य शासन की मंजूरी के बाद रोड अंडरब्रिज के लिए 11 करोड़ 52 लाख रुपए सेंक्शन किए गए। इसमें लोक निर्माण के सेतु विभाग को 5.76 करोड़ रुपए मंजूर हो चुके थे। सेतु विभाग को यह राशि रेलवे के पास जमा करना था, जिसके उपरांत रेलवे ने अंडरब्रिज का काम शुरु कर दिया। इस कार्य के लिए ड्राइंग और डिजाइन पूर्व में ही बना ली गई थी।

### अमेरी अंडरब्रिज निर्माण कार्य

अमेरी अंडरब्रिज में चार मीटर चौड़ा और साढ़े चार मीटर ऊंचाई का बाक्स है। इस साइज का यह बाक्स दोनों ओर लगाया गया है, जिसके बीच में दीवार बनाई गई है।

### गुलाब सिंह ज्वेलर्स सफलता की नई उंचाइयों को छू रहा



बिजनेस प्लस

**बिलासपुर।** गुलाब सिंह ज्वेलर्स बिलासपुर 1964 से अपनी विश्वसनीयता और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जाना जाता है। कई दशकों से यह प्रतिष्ठान ग्राहकों के विश्वास पर खरा उतरते हुए सफलता की नई उंचाइयों को छू रहा है। हाल ही में एक वर्ष पहले बिलासपुर में अपनी नई शाखा की शुरुआत के साथ, इसने वहाँ भी ग्राहकों के बीच अपनी खास पहचान बना ली है और बहुत ही अच्छा प्रतिसाद प्राप्त किया है। इस प्रतिष्ठान की सबसे बड़ी विशेषता है उच्च गुणवत्ता वाले सोने और चाँदी के आभूषण तथा सबसे बेहतर मेकिंग चार्जेस। यहां ग्राहकों को न केवल सुंदर और टिकाऊ डिजाइन मिलते हैं, बल्कि उचित कीमतों पर बेहतरीन वैल्यू भी प्राप्त होती है। गुलाब सिंह ज्वेलर्स का उद्देश्य हमेशा से अपने ग्राहकों को भरोसेमंद, आकर्षक और उच्च गुणवत्ता वाले आभूषण प्रदान करना रहा है, और यही वजह है कि यह नाम वर्षों से लोगों के दिलों में बसा हुआ है और बसा रहेगा क्यू की यहाँ गहने ही नही मिलते ,व्यवहार भी मिलता है।

### दिल्ली आईएएस अकादमी में रक्तदान शिविर




एजुकेशन प्लस

**बिलासपुर।** दिल्ली आईएएस अकादमी बिलासपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर दिल्ली आईएएस एकेडमी एवं शिव जानकी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में तथा एकता ब्लड बैंक बिलासपुर के विशेष सहयोग से आयोजित हुआ।

शिविर में 112 यूनिट रक्तदान किया। संस्थान के प्रतिभागियों ने मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया। एकता ब्लड बैंक के जीएस गिदवानी और संस्थान के संस्थापक एवं संचालक सौरभ चतुर्वेदी ने कहा कि स्वर्गीय शिव चतुर्वेदी के आदर्शों से प्रेरित यह आयोजन दर्शाता है कि संस्थान आज भी उनके द्वारा निर्धारित सामाजिक जवाबदेहिता के सिद्धांत पर कायम हैं। संस्थान की सीईओ एवं शिव जानकी फाउंडेशन की सदस्य विद्या चतुर्वेदी ने बताया कि 24 छात्रों ने पहली बार रक्तदान किया। संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ई. नवनीत सिंह राठौर ने 80वां रक्तदान कर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। शिविर में "शिवाय डेंटल एंड कॉस्मेटिक केयर" के डॉ. स्वपनिल चौधरी एवं उनके सहयोगी डॉ. मेहबूब आलम ने विद्यार्थियों के दांत, चेहरे एवं बालों से संबंधित समस्याओं की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया।

## मनरेगा के संबंध में नहीं पहुंचा कोई लिखित आदेश

### श्रमिकों के लिए नया मजदूरी दर भी जारी नहीं हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक अप्रैल नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत से मनरेगा की जगह पर नई योजना विकसित भारत रोजगार गारंटी व आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी-जी-राम-जी शुरू होने की बात कही जा रही थी। लेकिन मनरेगा के संबंध में लिखित में अभी तक कोई आदेश शासन से नहीं पहुंचा है। वहीं मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों के लिए नई मजदूरी दर भी जारी नहीं किया गया है।

भारत सरकार द्वारा एक अप्रैल नए वित्तीय वर्ष से हर साल मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों के लिए नए मजदूरी दर निर्धारित किया जाता था। यह दर देश के सभी राज्यों के लिए अलग-अलग दर जारी होता था। लेकिन इस बार नया मजदूरी दर के संबंध में भी कोई आदेश नहीं आया है। इसे मनरेगा की जगह पर शुरु होने वाली नई योजना से जोड़कर देखा जा रहा है। हांलाकि नई योजना लागू करने के संबंध में भी अभी कोई लिखित आदेश शासन स्तर से नहीं पहुंचा है। केन्द्र द्वारा मनरेगा की जगह नई योजना वीबी जी राम जी के लिए बजट प्रावधान कर दिया गया है इसलिए नए वित्तीय वर्ष से मनरेगा के बदले नई योजना वीबी जी राम जी को लागू होने की बात कही जा रही है। इसलिए मनरेगा अंतर्गत नए कार्यो की स्वीकृत भी नहीं दी जा रही है। यह संभावना जताई जा रही है कि मनरेगा के बदले नई योजना को लेकर शीघ्र ही कोई पत्र या आदेश आएगा।

#### राज्यों को भी देना होगा 40 प्रतिशत राशि

विकसित भारत रोजगार गारंटी व आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी जी राम जी नाम से नई योजना के लिए केन्द्र सरकार ने बजट में अपने हिस्से का का प्रावधान कर दिया है। इसमें राज्यों को भी अपना अंश राशि देना होगा। इस नई योजना में 60 व 40 प्रतिशत का रेश्यो रखा गया है, जिसमें 60 फीसदी राशि केन्द्र सरकार देगी और 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार को देना पड़ेगा। मनरेगा में 90 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार देती थी और केवल 10 प्रतिशत राशि राज्य सरकार को लगानी पड़ती थी।

#### जिले के 465 ग्राम पंचायतों में चल रहे कार्य

मनरेगा अंतर्गत अभी बिलासपुर जिले में 465 ग्राम पंचायतों में कार्य चल रहे हैं। इन ग्राम पंचायतों में लगभग 37 हजार काम कर रहे हैं। मनरेगा से गांवों में जल संग्रहण एवं जल संरक्षण को प्राथमिकता के दृष्टिगत रखते हुए रिचार्ज पिट, चैकडेम, सैंडफिल्टर, डबरी निर्माण कार्य, नवीन तालाब निर्माण कार्य, तालाब गहरीकरण कार्य, कच्ची नाली निर्माण कार्य, कूप निर्माण सहित प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास निर्माण कार्य, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, उचित मूल्य दुकान निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत भवन आदि निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं।

### परीक्षण और कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर में पहुंचे अमर



बिलासपुर। धर्म जागरण समन्वय एवं शहीद विनोद चौबे नगर वार्ड 32 के संयुक्त तत्वावधान में परीक्षण और कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन परमार्थ निकेतन ऋषिकेश एवं महावीर सेवा सदन कोलकाता द्वारा जिले में दिव्यांग जनों को निशुल्क कृत्रिम अंग हाथ पैर एवं कैलीपर बनाकर निशुल्क देने का शिविर 1 अप्रैल से 5 अप्रैल तक लगाया जा रहा है। यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मखीजा सोनोग्राफी सेंटर के सामने मगरपारा रोड में आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक अमर अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि मेयर पूजा विधानी, प्रदीप शर्मा, दीपक सिंह के आतिथ्य में किया गया। प्रथम दिवस 24 दिव्यांगों के पैर का नाप लिए गए एवं पोलियो ग्रस्त सात दिव्यांगों के कैलिपर बनाने एवं दो लोगों के हाथ बनाने उनके नाप लिए गए। शेष सभी को दूसरे दिन 12 बजे उनके निर्मित अंग देने बुलाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल और महापौर पूजा विधानी नें भी इस कार्य की प्रसंशा की। सेवा प्रदाता महावीर सेवा सदन कोलाकता के डाक्टरो एवं टेक्निसियनो का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। इसमें मुख्य रूप से अभय सिंह, डा ललित माखीजा भृगु अवस्थी, राजेश जिलारे,अमित तिवारी पार्षद, राजेश बिसेन, नारायण गोस्वामी, राजेंद्र शुक्ला, जगदीश साव, रवि वर्मा, बबिता ताम्रकार आदि मौजूद थे।

### एआई वर्कशॉप में शामिल हुए 35 प्रतिभागी



शिक्षा क्षेत्र में अपग्रेड द्वारा बिलासपुर में नया लर्निंग सपोर्ट सेंटर शुरू किया गया है, जहां जेनरेटिव एआई, डाटा साइंस जैसे आधुनिक कोर्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं। तेजी से बदलते डिजिटल दौर में इन स्किल्स की मांग को देखते हुए यह सेंटर युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर बनकर सामने आया है।

हाल ही में आयोजित फ्री एआई वर्कशॉप में लगभग 35 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें छात्रों और कामकाजी युवाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। स्कॉलरशिप टेस्ट में करीब 25 छात्रों ने परीक्षा दी, जिससे वे कुल 20 लाख रुपए की स्कॉलरशिप के लिए पात्र बने हैं। छात्रों की बढ़ती रुचि को देखते हुए स्कॉलरशिप टेस्ट की अंतिम तिथि शुक्रवार तक बढ़ा दिया गया है। इच्छुक विद्यार्थी ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन कर सीधे टेस्ट में शामिल हो सकते हैं। इस सेंटर में प्रोग्रामिंग, मशीन लर्निंग, डेटा विजुअलाइजेशन और लाइव प्रोजेक्ट्स के माध्यम से प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी जाएगी। नई बैच की शुरुआत 7 अप्रैल (मंगलवार) से होगी।विशेषज्ञों के अनुसार इस तरह की पहल टियर-2 शहरों में युवाओं को बड़े शहरों जैसी गुणवत्ता वाली तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराकर उन्हें भविष्य के लिए तैयार करती है।

### आईआईटी नीट परीक्षा की तैयारी के लिए प्रवेश प्रारंभ



देश में आईआईटी व स्कूली सिलेबस की तैयारी करने तेजी से बढ़ती कोचिंग, जिसकी शाखा बिलासपुर शहर के अनुभवी प्रशिक्षक "गौड़ सर" एवं खान सर के कुशल मार्गदर्शन में संचालित कोचिंग संस्थान "आईआईटीयन्स हब" विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने में मील का पत्थर साबित होगी। जहाँ पालकगण कोचिंग की बढ़ती फीस व अनुभवहीन शिक्षकों की टीम से परेशान हैं। वहीं न्यूनतम फीस व नामी–गिरामी अनुभवी शिक्षकों की टीम के साथ "आईआईटीयन्स हब" आईआईटी हब व बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए संकल्पित है। संस्था में वि"ाष स्टडी मटेरियल व ऑल इण्डिया टेस्ट सीरिज़ विद्यार्थियों के अध्ययन को सरल व सुगम बनाती है। ऐसे प्राइवेट स्कूल जो अपने स्कूल में प्रतियोगी परीक्षाओं व स्कूल सिलेबस की तैयारी कराकर स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या वृद्धि व बेहतर परिणाम चाहते हैं वे "आईआईटीयन्स हब" के साथ स्कूल इंटीग्रेटेड प्रोग्राम प्रारंभ कर सकते हैं। संस्थान द्वारा आईआईटी नीट की तैयारी के साथ–साथ कक्षा 7 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के स्कूली सिलेबस की तैयारी के साथ–साथ अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने विशेष कक्षाओं में प्रवेश प्रारंभ है। संस्था में प्रवेश एवं अन्य जानकारी के लिए 9893375765 में या व्यापार विहार मेनरोड स्थित "आईआईटीयन्स हब" की शाखा में संपर्क कर सकते हैं।

**समाज में देहदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में संदेश देगा**

## देहदान: मृत्यु उपरांत स्व. सगदेव का पार्थिव शरीर सिम्स को दिया गया




**बिलासपुर।** टिकरापारा निवासी स्वर्गीय सुशील सगदेव (उम्र 60 वर्ष) ने मृत्यु उपरांत अपना पार्थिव शरीर सिम्स चिकित्सालय को देहदान के रूप में समर्पित करने का संकल्प लिया था। उनकी मृत्यु के बाद परिजन ने उनका शव सिम्स को दिया। उनके देहदान से चिकित्सा विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए अध्ययन और शोध का महत्वपूर्ण आधार मिलेगा।

स्वर्गीय सुशील सगदेव का यह देहदान मानवता के प्रति समर्पण, सेवा और परोपकार की सर्वोच्च भावना को दर्शाता है। ऐसे दान से भविष्य के चिकित्सकों को बेहतर प्रशिक्षण मिलता है, जिसका सीधा लाभ समाज और मरीजों को मिलता है। देहदान के इस पुण्य अवसर पर उनके परिवारजनों ने भी पूर्ण संवेदनशीलता और सहयोग का परिचय दिया। इस दौरान उनकी धर्मपत्नी ममता सुशील सगदेव, पुत्री समृद्धि सुशील सगदेव, पुत्र शुभम सगदेव, साला संदीप बल्हाल सहित परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे और दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए। ब्रह्माकुमारी परिवार की बहनों में मंजू बहन, विद्या बहन, गायत्री बहन, ईश्वरी बहन, रूपा बहन, शशी बहन एवं ज्ञाना बहन ने आत्मिक शांति के लिए प्रार्थना की। इसके अतिरिक्त मनोज आहूजा, रेखा आहूजा तथा गजानन फड़के, दीपक बल्हाल, उदय बल्हाल ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। ब्रह्माकुमार परिवार से राकेश, अमर, शरणजीत, दीपक, राजेश, मुकेश लालचंदनी एवं गिरीश लालचंदनी आदि ने भी श्रद्धांजलि दी। देहदान की प्रक्रिया को सिम्स के एनाटॉमी विभाग द्वारा पूर्ण किया गया। इस दौरान डॉ. शिक्षा जांगड़े एवं डॉ. अमित कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर सिम्स अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा "स्वर्गीय सुशील सगदेव द्वारा किया गया देहदान समाज के लिए एक महान प्रेरणा है। यह केवल एक दान नहीं, बल्कि मानवता के प्रति सर्वोच्च सेवा, त्याग और परोपकार का प्रतीक है। उनका यह निर्णय समाज को जागरूक करने वाला और आने वाली पीढ़ियों को सेवा का संदेश देने वाला है।" सिम्स चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने कहा कि "स्वर्गीय सुशील सगदेव का देहदान एक अत्यंत प्रेरक और समाजोपयोगी निर्णय है। मृत्यु उपरांत भी मानवता की सेवा का यह सर्वोच्च स्वरूप है। ऐसे महान कार्य से चिकित्सा विद्यार्थियों को अध्ययन में सहायता मिलती है और समाज में देहदान के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होती है। सिम्स परिवार उनकी पुण्य स्मृति को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता है।"

### ऑटिज़्म बच्चों की सीखने और क्षमता को प्रभावित करता है



हेल्थ प्लस

**बिलासपुर।** हर वर्ष 2 अप्रैल को विश्व ऑटिज़्म जागरूकता दिवस मनाया जाता है। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अशोक मेहता ने बताया कि ऑटिज़्म एक न्यूरो.विकासात्मक विकार है जो बच्चों के सामाजिक व्यवहार संचार और सीखने की क्षमता को प्रभावित करता है। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ नमिता श्रीवास्तव ने बताया कि "ऑटिज़्म कोई बीमारी नहीं बल्कि एक अलग तरह का विकासात्मक पैटर्न है। ऐसे बच्चों में विशेष प्रतिभाएं होती हैं जिन्हें सही मार्गदर्शन और सहयोग से निखारा जा सकता है। हमें इन्हें बदलने की नहीं बल्कि समझने और स्वीकार करने की आवश्यकता है। बिलासपुर एकेडमी ऑफ़ पीडियाट्रिक्स के सभी डॉक्टर्स ने समाज के सभी लोगों से अपील की है कि ऑटिज़्म से जुड़े मिथकों और भ्रांतियों को दूर करें। ऐसे बच्चों को समाज की मुख्यधारा में शामिल करने में सहयोग करें। बच्चों के विकास पर ध्यान दें।

खबर संक्षेप

## पेड़ से गिरकर घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत



**बिलासपुर।** पेड़ से गिरकर घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, गीतांजली सिटी फेस 2 निवासी नारायण गुप्ता पिता राममनोहर गुप्ता 69 साल मंगलवार को घर के बाड़ी में पेड़ चढ़े थे। पैर फिसलने से नीचे गिरकर घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। बुधवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

## शराब दुकान के कर्मचारी की मौत

**बिलासपुर।** बीती रात शराब दुकान से घर जा रहा बाइक सवार कर्मचारी डिवाइडर से टकरा गया। सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक बृजेश मिश्रा ने बताया, सकरी बहतराई निवासी उमेश राव पिता धर्मेन्द्र राव 31 साल व्यापार विहार स्थित शराब दुकान में काम करता था। 31 मार्च की रात 11.30 बजे वह बाइक से घर जा रहा था। मिनोचा कालोनी के पास तेज गति से उसकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव उठाकर मरच्यूरी में रखवा दिया था। 1 अप्रैल को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करने वाले डाक्टर से जानकारी मांगी है।

## शादी से लौट रही महिला के 4 तोला सोने के जेवर पार

**बिलासपुर।** शादी से लौट रही महिला के आटो से थैले में रखे 4 तोला सोने के जेवर चोरी हो गए। आटो में तीन अन्य महिलाएं बैठी हुई थीं। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, उसलापुर वैष्णव विहार निवासी सुषमा पाण्डेय पति स्व. ए पाण्डेय 30 मार्च को बेटी के घर शादी में अपने जेवर लेकर गई थीं। शादी होने के बाद वे 31 मार्च को सुबह 9 बजे लाफार्ज से स्कूल बस में गुरूनानक चौक आईं। वहां से ई रिक्शा में अकेली बैठकर नेहरू चौक गईं, फिर गनियारी जाने वाली आटो में बैठ गई। उसमें पहले से तीन महिलाएं बैठी हुई थीं। उसलापुर ब्रिज पार करने के बाद आटो से उतरकर सुबह 11 बजे घर गईं। घर में जेवर आलमारी में रखने के लिए बैग खोला तो साड़ी के नीचे से डिब्बे में रखा 4 तोला सोने का हार, ईयर रिंग एक जोड़ी गायब था। उन्होंने आटो में बैठी तीन महिलाओं पर जेवर चोरी करने का आशंका जताई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात महिला के खिलाफ बीएनएस की धारा 303, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

वित्तीय वर्ष 25-26

कोल इंडिया की एकमात्र आनुषंगिक कंपनी बनी एसईसीएल

# उत्पादन, प्रेषण और ओबीआर में वृद्धि, एसईसीएल ने बनाया रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



एसईसीएल ने वित्तीय वर्ष 2025–26 में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए कोल इंडिया लिमिटेड की एकमात्र ऐसी सहायक कंपनी के रूप में अपनी पहचान बनाई है, जिसने कोयला उत्पादन, प्रेषण तथा ओवरबर्डन निष्कासन तीनों प्रमुख मानकों में एक साथ सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है।

एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में एसईसीएल का कोयला उत्पादन 176.2 मिलियन टन रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5.26 प्रतिशत (8.8 मिलियन टन) अधिक है। कोयला प्रेषण 178.6 मिलियन टन रहा, जिसमें 4.6 प्रतिशत (7.9 मिलियन टन) की वृद्धि दर्ज की गई। रेल माध्यम से प्रेषण में 16 प्रतिशत वृद्धि हुई, जबकि एफएमसी के माध्यम से प्रेषण में 28 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। 364.3 मिलियन क्यूबिक मीटर ओवरबर्डन निष्कासन के साथ एसईसीएल ने अब तक का सर्वाधिक ओबीआर दर्ज किया। भूमि अधिग्रहण में ऐतिहासिक प्रगति करते हुए 358 हेक्टेयर भूमि अर्जित की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 867 प्रतिशत वृद्धि है। एसईसीएल ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। वर्ष के दौरान 13.96 लाख पौधरोपण कर नया कीर्तिमान स्थापित किया गया तथा मियावाकी पद्धति के माध्यम से सघन वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया गया। 43.78 मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित कर लगभग 41,200 टन कार्बन उत्सर्जन में कमी लाई गई। इसके अतिरिक्त 408 लाख किलोलीटर खदान जल का उपयोग कर 3800 से अधिक हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुनिश्चित की गई। उन्होंने बताया कि पर्यावरण स्वीकृतियों के माध्यम से 2.16 मिलियन टन प्रति वर्ष अतिरिक्त क्षमता सुनिश्चित की गई, जबकि भावी विस्तार हेतु स्वीकृत संदर्भ शर्तों से 39.02 मिलियन टन प्रति वर्ष क्षमता वृद्धि का मार्ग प्रशस्त हुआ।नई परियोजनाओं में दुर्गापुर खुली खदान (10 मिलियन टन प्रति वर्ष) तथा अमृतधारा भूमिगत परियोजना को स्वीकृति प्राप्त हुई। सीएमडी ने बताया कि कोयला गुणवत्ता (ग्रेड पुष्टिकरण) में सुधार करते हुए इसे 68 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत किया गया। डिजिटल प्रणाली 'डिजीकोल' के माध्यम से रियल टाइम निगरानी एवं पारदर्शिता को सुदृढ़ किया गया जिसे सीवीसी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया। एसईसीएल द्वारा 511 आश्रितों को रोजगार प्रदान किया गया, जो अब तक का सर्वोच्च स्तर है तथा पिछले वर्ष की तुलना में 24 प्रतिशत वृद्धि दर्शाता है। इसके अतिरिक्त 754 परियोजना प्रभावित व्यक्तियों को भी रोजगार उपलब्ध कराया गया तथा 42 माइनिंग सरदारों की नियुक्ति की गई।

### वित्तीय वर्ष 2025–26 में 365.39 करोड़ रुपए की मिली स्वीकृति

एसईसीएल के सीएमडी ने बताया कि कंपनी ने कोयला गैसीकरण, उच्च दक्षता तापीय विद्युत, कोयला धुलाई, महत्वपूर्ण खनिजों की खोज, दुर्लभ तत्वों के निष्कर्षण तथा जल आधारित ऊर्जा उत्पादन जैसे क्षेत्रों में प्रगति की है, जो भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं के अनुरूप रणनीतिक पहल को दर्शाता है। वित्तीय वर्ष 2025–26 में 365.39 करोड़ रुपये के सामाजिक दायित्व कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई, जो स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण एवं आजीविका के क्षेत्र में व्यापक प्रभाव डाल रहे हैं। एसईसीएल ने कोयला उद्योग में पहली बार पूर्णतः महिला संचालित औषधालय एवं महिला संचालित केंद्रीय भंडार इकाई स्थापित कर महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। "वित्तीय वर्ष 2025–26 में साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की यह उपलब्धि हमारे प्रत्येक कर्मचारी के समर्पण, कठोर परिश्रम और टीम भावना का परिणाम है। अनेक परिचालन एवं भौगोलिक चुनौतियों के बावजूद, हमारे कर्मियों ने निरंतर प्रयास करते हुए उत्पादन, प्रेषण एवं ओवरबर्डन निष्कासन तीनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित की है।

### पारदर्शी क्रय एवं प्रशासनिक उत्कृष्टता

सरकारी ई-बाजार (जेम) पोर्टल के माध्यम से रेकॉर्ड 25,799 करोड़ रुपये की खरीद की गई। एसईसीएल ने विशेष अभियान 5.0 में लगातार तीसरी बार शीर्ष स्थान प्राप्त किया। एसईसीएल देश की पहली कोयला सार्वजनिक उपक्रम बनी जिसने पेस्ट फिल तकनीक लागू की। औसतन 53.2 रेक प्रतिदिन कोयला प्रेषण के साथ परिवहन व्यवस्था को और सुदृढ़ किया गया। रेल कॉरिडोर परियोजनाओं के माध्यम से कोयला निकासी तंत्र को मजबूत किया गया।

### हम टीम भावना और समर्पण के साथ भविष्य में भी नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे

सीएमडी ने बताया कि यह सफलता केवल आंकड़ों की उपलब्धि नहीं, बल्कि देश की ऊर्जा सुरक्षा के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है। मैं एसईसीएल परिवार के सभी सदस्यों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए हार्दिक बधाई देता हूं और विश्वास व्यक्त करता हूं कि हम इसी टीम भावना और समर्पण के साथ भविष्य में भी नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे।"

गंभीर रूप से घायल 6 लोग सिम्स में भर्ती | अवैध संबंध के संदेह पर हुई वारदात | आरोपियों ने थाने में जाकर किया सरेंडर

# पेंडरवा में खूनी संघर्षः तलवार से गला रेतकर महिला की हत्या, 6 पर जानलेवा हमला



हमले में घायल मरीजों का सिम्स में चल रहा इलाज।

रतनपुर थाना क्षेत्र के पेंडरवा में एक व्यक्ति ने दो नाबालिग बेटों के साथ तलवार, चेन स्पाकेट से लैस होकर तलाकशुदा पत्नी के पड़ोसी के घर में घुसकर बुजुर्ग महिला की तलवार से गला रेतकर हत्या कर दी। वहीं घर में उपस्थित 6 लोगों पर तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। घायलों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। आरोपी पिता पुत्रों ने थाने में जाकर सरेंडर कर दिया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रतनपुर पुलिस के अनुसार, पेण्डरवा निवासी सुरेश श्रीवास अपनी पत्नी पर पड़ोसी शेख सलीम से अवैध संबंध होने का संदेह करता था, उसने पत्नी को तलाक दे दिया था। उसी बात को लेकर सुरेश श्रीवास शेख सलीम से रंजिश रख रहा था।

1 अप्रैल की शाम 5.30 बजे सुरेश श्रीवास अपने दो नाबालिग बेटों के साथ शेख सलीम व चांद खान को जान से मारने की योजना बनाकर तलवार, साइकिल के चेन स्पाकेट से लैस होकर गाली गलौज करते हुए उसके घर में घुस गए। शेख सलीम व चांद खान के नहीं मिलने पर तीनों ने आंगन में पलंग में बैठी उसकी मां मुराद बी 75 साल की तलवार से गला रेतकर जघन्य हत्या कर दी। उसके बाद घर में उपस्थित 6 लोगों पर हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। घायलों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। इधर खून से लथपथ आरोपी पिता पुत्रों ने रतनपुर थाने में जाकर सरेंडर कर दिया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



रतनपुर के पेण्डरवा पहुंचे एसएसपी, छावनी में बदला गांव।

### गांव में पसरा सन्नाटा

खूनी संघर्ष के बाद ग्राम पेण्डरवा में सन्नाटा पसर गया है। दूर से लोग पुलिस कार्रवाई को देखते नजर आ रहे थे। फोरेसिंक टीम के द्वारा मौके जाकर जांच करने में जुटी हुई थी। गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

### एसएसपी पहुंचे मौके पर

खूनी संघर्ष की सूचना मिलते ही एसएसपी रजनेश सिंह अधिकारियों के साथ ग्राम पेण्डरवा घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार के लोगों से मिलकर घटना की जानकारी ली। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

### पिता की आंख निकाल दी

पीड़ित परिवार की एक लड़की ने बताया, आरोपियों ने घर में घूसकर उनके दादी का गला रेतकर हत्या कर दी। उसके बाद परिवार के सदस्यों पर गाय बकरी की तरह से तलवार से हमला किया गया। उसके पिता शेख शब्बीर की आंख निकाल दिया गया। चाची की दो बेटियों का हाथ काट दिया है। उसकी मां रेहाना व भाई आर्यन पर तलवार से जान लेवा हमला किया गया है। उनका छोटा भाई घर में नहीं था इसलिए वह बाल बाल बच गया है।

### पीड़ित पक्ष को बैरंग थाने से लौटाया

आरोपियों के द्वारा लगातार मारपीट करने की धमकी देने पर पीड़ित परिवार की महिलाएं बुधवार को शिकायत करने रतनपुर थाना गई थी। पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया और कल जाकर समझ्रस देने की बात कहते हुए थानेणे से लौटा दिया था।उसके बाद शाम को आरोपियों ने घर में घुसकर खूनी संघर्ष की वारदात को अंजाम देते हुए बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी है।

### अवैध संबंध के संदेह पर बुजुर्ग महिला की हत्या

आरोपी को अपनी पत्नी पर गांव के शेख सलीम से अवैध संबंध होने का संदेह था। उसने अपनी पत्नी को तलाक दे दिया है। उसी रंजिश में शेख सलीम व चांद खान को मारने के लिए गए। नहीं मिलने पर उसकी मां की हत्या कर दी गई और परिवार के लोगों पर जानलेवा हमला किया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

-रजनेश सिंह एसएसपी



घटनास्थल में लगी भीड़।

# सड़क हादसाः शव रखकर मुआवजे की मांग, 5 घण्टे चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, नाराज ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीण 1 करोड़ रुपए मुआवजा व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग कर रहे थे। 5 घण्टे बाद शासन की ओर से सहायता राशि व ट्रांसपोर्टर से सहायता राशि दिलाने का आश्वासन देने पर चक्काजाम समाप्त हुआ।



मृतक

31 मार्च की शाम पचपेड़ी बनौरी में हाइवा क्रमांक सीजी 12 बीजी, 5174 के चालक ने बाइक सवार मानिकचौरी निवासी गुलशन मरावी 30 साल को टक्कर मार दी थी। हादसे में उसकी मौत हो गई थी। 1 अप्रैल को पोस्टमार्टम के बाद मृतक के परिजन व ग्रामीण शव लेकर घटनास्थल बिनौरी गए और सड़क पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। जिससे दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। सूचना मिलते एसडीएम शिव कंवर, एसडीओपी लालचंद मोहल्ले, पचपेड़ी, मस्तूरी पुलिस मौके पर पहुंच गई। आक्रोशित ग्रामीण 1 करोड़ रुपए मुआवना राशि, मृतक के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिलाने की मांग करने लगे। अधिकारियों के द्वारा समझाइश देने पर ग्रामीण कलेक्टर को मौके पर बुलाने की मांग करने लगे। आंदोलनकारियों के द्वारा प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की जाती रही। मुख्यमार्ग पर चक्काजाम होने से भीषण गर्मी में लोगों का आवागमन करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। भारी वाहनों को मल्हार व पेचपेड़ी क्षेत्र में रोक दिया गया था। शाम 6.30 बजे एसडीएसपी के द्वारा सहायता राशि 25 हजार रुपए व हाइवा के ट्रांसपोर्टर को दो दिन में बुलाकर मृतक क परिजन को सहायता राशि दिलाने का आश्वासन दिया गया। उसके बाद चक्काजाम समाप्त हुआ।



सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

## होटल में दूसरे लड़के के साथ गर्लफ्रेंड को पकड़कर युवक ने पीटा

**बिलासपुर।** होटल में दूसरे लड़के साथ गर्लफ्रेंड को पकड़कर युवक ने बेरहमी से मारपीट कर दी है। पुलिस ने हमलावर युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, कोरबा जिला की रहने वाली एक छात्रा सरकण्डा क्षेत्र के हास्टल में रहकर एलएलबी फाईनर इयर की पढ़ाई कर रही है। 31 मार्च को छात्रा सरकण्डा अपोलो हास्पिटल के पास गोल्डन होटल में दोस्त अमरजीत सिंह के साथ रूकी थी। सुबह 6 बजे उसका पुराना दोस्त दयालबंद टिकरापारा निवासी विवेक खटिक अचानक होटल पहुंचा और रूम के दरवाजे को बार बार खटखटाने लगा। रूम से बाहर निकली तो विवेक खटिक गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का, लात घूंसा से मारपीट करने लगा। उसके बाद छात्रा को रूम में रूके उसके दोस्त को बाहर निकालने को कहकर गाली गलौज कर हंगामा मचाने लगा, जिससे होटल में हड़कंप मच गया और स्टाफ मौके पर पहुंचकर विवाद शांत कराने का कोशिश करने लगे। मारपीट की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने छात्रा की रिपोर्ट पर हमलावर विवेक खटिक के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को मिला नया विस्तार

# जिले को 16 नई एम्बुलेंस 108 मिला

**बिलासपुर।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 108 एम्बुलेंस सेवा में 16 नई एम्बुलेंस को शामिल किया गया। इन एम्बुलेंस को जिला कलेक्टोरेट परिसर से आज विधिवत हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जिससे जिले में आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की पहुंच और गति दोनों में सुधार की उम्मीद है। इस कार्यक्रम में विधायक अमर अग्रवाल, विधायक दिलीप लहरिया, विधायक सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, कलेक्टर संजय अग्रवाल तथा सीएमएचओ डॉ. शुभा गरेवाल सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि नई मिली 16 एम्बुलेंस में से 3 अत्याधुनिक एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) प्रणाली से सुसज्जित हैं। ये एम्बुलेंस चलती-फिरती आईसीयू के रूप में कार्य करेंगी, जिनमें वेंटिलेटर, मॉनिटरिंग सिस्टम, ऑक्सीजन सपोर्ट, डिफिब्रिलेटर एवं अन्य जीवनरक्षक उपकरण उपलब्ध हैं। इससे गंभीर मरीजों को अस्पताल पहुंचने से पहले ही बेहतर प्राथमिक उपचार मिल सकेगा। नए मिले 16 एम्बुलेंस को पीएचसी सकरी, बिलासपुर आईएफटी, पीएचसी सीपत, सिम्स बिलासपुर, सीएचसी बिल्हा, पीएचसी तोरवा, सीएचसी मस्तूरी, जिला अस्पताल, पुलिस स्टेशन सरकण्डा, सीएचसी तखतपुर, सीएचसी कोटा, सीएचसी मस्तूरी 2, जिला अस्पताल 2, हाईकोर्ट बिलासपुर, सिम्स एवं सीएचसी रतनपुर में तैनात रखा जाएगा।

एम्बुलेंस को जिला कलेक्टोरेट परिसर से आज विधिवत हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया



एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक अमर अग्रवाल, सुशांत शुक्ला सहित अन्य।

### राज्य सरकार लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए प्रयासरतः अमर

इस अवसर पर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि नई एम्बुलेंसों से न केवल सेवा की गुणवत्ता बढ़ेगी, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में समय पर सहायता मिलने से अनेक लोगों की जान बचाई जा सकेगी। उन्होंने विशेष रूप से एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस को गंभीर मरीजों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

### रिस्पांस टाइम में कमी आएगीः कलेक्टर

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि जिले में 108 सेवा पहले से ही प्रभावी रूप से कार्य कर रही है। नई एम्बुलेंसों के शामिल होने से रिस्पांस टाइम में कमी आएगी। साथ ही दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों तक भी त्वरित चिकित्सा सहायता पहुंचाना और अधिक आसान होगा। सीएमएचओ डॉ. शुभा गरेवाल ने बताया कि सभी एम्बुलेंसों में प्रशिक्षित इमरजेंसी मेडिकल तकनीशियन तैनात रहेंगे, जो मौके पर ही प्राथमिक उपचार प्रदान करेंगे। इससे दुर्घटना या गंभीर बीमारी की स्थिति में मरीज की स्थिति को स्थिर रखने में मदद मिलेगी।

## ठेकेदार की बाइक लेकर भागा मजदूर

**बिलासपुर।** भरोसा जीतने के बाद मजूदर ठेकेदार की बाइक लेकर भाग गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

तोरवा पुलिस के अनुसार, महमंद निवासी सुरेन्द्र बोले ठेकेदारी करते हैं। कमल सिंह नामक युवक उनके घर में किराने के मकान में रहकर उनके साथ रोजी मजदूरी का काम कर रहा था। भरोसा जीतने के बाद उनकी बाइक क्रमांक सीजी 10 एबी, 7899 मांग कर गया और वापस नहीं आया। उसने अपना मोबाइल भी बंद कर लिया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर कमल सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 316, 2, 316, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 13,500/
By Train-रिजर्वेशन कोच
23 जून, 7 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोटः-अमरनाथ यात्रा का रजिस्ट्रेशन 13 अप्रैल 2026 से शुरू होने की संभावना है। अतः जो भी श्रद्धालु यात्रा पर जाना चाहते हैं, वे समय पर अपना रजिस्ट्रेशन एवं आवश्यक मेडिकल सर्टिफिकेट बनवा लें।
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector- 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### सीएनआई चर्च में की गई प्रभु की आराधना



**तखतपुर।** नगर स्थित सीएनआई चर्च में पवित्र बयारी की पूर्व संध्या पर श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। संपूर्ण चर्च परिसर भक्तिमय गीतों और प्रभु स्तुति से गूंज उठा, जिससे उपस्थित जनसमूह भाव-विभोर हो गया। कार्यक्रम के दौरान क्वायर टीम की ओर से शिप्रा सैमुएल, सिंधिया रानी, सीमा सैमुएल, किटी एवं निशा विल्सन, विनीता मीरे ने मधुर से मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी। उनके गीतों ने उपस्थित लोगों को प्रभु की आराधना में लीन कर दिया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रतिभा सालोमन ने प्रभु के जीवित वचन का प्रभावशाली प्रचार करते हुए विश्वासियों को आध्यात्मिक जीवन में दृढ़ रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन रेव नवीन मसीह ने किया। आयोजन में बड़ी संख्या में मसीही समाज के लोग उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर प्रभु की आराधना कर आशीष प्राप्त किया।

### राजपूत समाज ने पुलिस विभाग को सौंपा धन्यवाद ज्ञापन



**लोरमी।** पूर्व लेखापाल दामोदर सिंह राजपूत की हत्या मामले त्वरित कार्रवाई करते हुए षड्यंत्रकारियों का पर्दाफाश करने पर राजपूत राठौड़ क्षत्रिय समाज ने एसडीओपी हरविंदर सिंह को पुलिस अधीक्षक के नाम धन्यवाद ज्ञापन सौंपकर पुलिस विभाग के प्रति धन्यवाद ज्ञापिक किया। ज्ञापन में राजपूत समाज ने उल्लेख किया है कि, 23 मार्च को दामोदर सिंह राजपूत के लापता और शीघ्र खोजबीन करने एवं उनके सकुशल वापसी को लेकर उनके परिवार के साथ सामाजिक पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि ने एसपी भोजराम पटेल को ज्ञापन सौंपा था। एसपी की अगुवाई में पुलिस ने शीघ्रता से जांच करते हुए दामोदर सिंह राजपूत के अनसुलझे मामले का शुलासा किया। मामले में पुलिस ने जिस सक्रियता से कार्य कर पुलिस विभाग की गरीमा बढ़ाते हुए राजपूत समाज एवं उनके परिवार को इंसाफ दिलाने का कार्य किया गया, इसके लिए राजपूत समाज परिवार एवं पुरे टीम को आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर मृतक की पत्नी एवं समाज के लोग सहित उपस्थित रहे।

### कृषि मंत्री नेताम ने किया रत्नावली को सम्मानित

**मुंगेली।** भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं छत्तीसगढ़ शासन अनुसूचित जाति



विकास प्राधिकरण की पूर्व सदस्य रत्नावली कौशल को कृषि क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों के उपयोग और प्रदेश भर के किसानों को आधुनिक एवं उन्नत खेती की ओर प्रेरित करने के लिए राज्य के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने विशेष रूप से सम्मानित किया। रत्नावली को यह सम्मान रायपुर के प्रतिष्ठित होटल बेबीलॉन में आयोजित फार्म टू फार्म कार्यक्रम में दिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामविचार नेताम ने रत्नावली कौशल के अथक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से रत्नावली कौशल के किसानों के बीच उन्नत कृषि तकनीकों के प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता अभियान चलाने के निरंतर प्रयासों को रेखांकित किया।

### ईटीआई प्रशिक्षण को पांच दलों में विभक्त किया गया



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में ईटीआई प्रशिक्षण का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों के लिए आयोजित किया गया। प्रथम सत्र में कार्यक्रम अधिकारियों का परिचय कराया गया तथा उन्हें पाँच दलों स्वामी विवेकानंद दल, महात्मा गांधी दल, सुभाषचंद्र बोस दल, रानी लक्ष्मीबाई दल एवं गुरुघासी दास दल में विभाजित किया गया। इस सत्र के मुख्य वक्ता डॉ वाईके तिवारी रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ मनोज सिन्हा द्वारा की गई। नियमित गतिविधियों तथा 'गोद ग्राम' की अवधारणा पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। द्वितीय सत्र में रेखा गुल्ला पूर्व कार्यक्रम अधिकारी, डॉ कांति अंचल द्वारा विशेष व्याख्यान दिया गया। इस दौरान सात दिवसीय विशेष शिविर की रूपरेखा के साथ कार्यक्रम अधिकारियों से नवाचार आधारित विभिन्न गतिविधियाँ कराई गईं, जिनका उद्देश्य समाज सेवा के प्रति नई सोच विकसित करना रहा। तृतीय एवं चतुर्थ सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में सत्येन्द्र कुमार साहू रा.से.यो. प्रकोष्ठ, उच्च शिक्षा विभाग, रायपुर उपस्थित रहे। उन्होंने 'माय भारत पोर्टल, एनएसएस पोर्टल तथा छत्तीसगढ़ एनएसएस डैशबोर्ड के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस सत्र का उद्देश्य कार्यक्रम अधिकारियों को डिजिटल माध्यमों के प्रति जागरूक करना तथा गतिविधियों में तकनीकी उपयोग को प्रोत्साहित करना रहा।

### हर समय बनी रहती है दुर्घटना की संभावना

# सड़कों पर मवेशी, बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव



नगर पंचायत जरहागांव में इन दिनों सड़कों पर मवेशियों का बढ़ता जमावड़ा नगरवासियों के लिए बड़ा संकट बनता जा रहा है। सुबह होते ही नगर के प्रमुख मार्गों, चौक-चौराहों और गलियों में बड़ी संख्या में गौवंश इकट्ठा नजर आते हैं, जिससे यातायात बाधित हो रहा है और दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है। स्थिति यह है कि, कई स्थानों पर मवेशी सड़कों के बीचों-बीच बैठे रहते हैं, जिससे दुपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को रास्ता बदलना पड़ता है या जोखिम उठाकर गुजरना पड़ता है। खासकर सुबह और शाम के समय, जब लोगों की आवाजाही अधिक होती है, तब यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि, मवेशियों के कारण कई छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं। राहगीर फिसलकर गिर जाते हैं, वहीं बाइक सवार अचानक सामने आए मवेशियों से टकराने से बाल-बाल बचते हैं। स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है। कई अभिभावकों ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। नगर में सफाई व्यवस्था पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है। मवेशियों द्वारा सड़कों पर गंदगी फैलाने से न केवल दुर्गंध की समस्या उत्पन्न हो रही है, बल्कि संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। बरसात के दिनों में यह स्थिति और बदतर होने की आशंका जताई जा रही है।

प्रदेश सरकार द्वारा "गौधाम" योजना के माध्यम से आवारा मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर रखने की पहल की गई है, लेकिन जरहागांव में इसका प्रभाव अभी तक अपेक्षित रूप से दिखाई नहीं दे रहा है। नगरवासियों का आरोप है कि, योजना का क्रियान्वयन धीमा है और जिम्मेदार विभागों को इस ओर अधिक गंभीरता दिखाने की आवश्यकता है। इस विषय पर नगर पंचायत अध्यक्ष रूपाली वेदप्रकाश कश्यप ने बताया कि, सड़कों पर मवेशियों के जमावड़े का एक प्रमुख कारण कुछ पशुपालकों की लापरवाही भी है, जो अपने मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि, वे जिम्मेदारी निभाते हुए अपने पशुओं को खुले में न छोड़ें और नगर व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। अध्यक्ष ने यह भी जानकारी दी कि, नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से मवेशियों को सड़कों से हटाने की कार्रवाई की जा रही है, लेकिन स्थायी समाधान के लिए गौधाम का निर्माण आवश्यक है।

इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को मांग पत्र भेजा जा चुका है और स्वीकृति मिलने की प्रतीक्षा की जा रही है। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि, इस समस्या के समाधान के लिए ठोस और त्वरित कदम उठाए जाएं अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

## 20 को खाटू श्याम मंदिर में 101 बटुकों का उपनयन




**बिलासपुर।** परशुराम ब्राह्मण समाज एवं परशुराम महिला ब्राह्मण कल्याण समिति द्वारा सामूहिक निःशुल्क उपनयन संस्कार के आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक समाज के अध्यक्ष डॉ गायत्री प्रसाद पांडे के निवास स्थान पर आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी 20 अप्रैल को खाटू श्याम मंदिर, बिलासपुर में 101 ब्राह्मण बटुकों का सामूहिक निःशुल्क उपनयन संस्कार संपन्न कराया जाएगा।

समाज के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि इच्छुक बटुकों के माता-पिता अपने बच्चों के उपनयन संस्कार हेतु खाटू श्याम मंदिर एवं हनुमान मंदिर, बिलासपुर में आधार कार्ड एवं एक फोटो के साथ आवेदन कर सकते हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजन के दौरान पूजन सामग्री की संपूर्ण व्यवस्था समाज द्वारा की जाएगी, साथ ही बटुकों के परिजनों के लिए चाय, नाश्ता एवं भोजन की व्यवस्था भी समिति द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। सामूहिक उपनयन संस्कार के आचार्य पंडित कृष्ण दत्त शास्त्री होंगे, जिनके निर्देशन में वैदिक विधि-विधान से कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा..

बैठक में प्रमुख रूप से डॉ. गायत्री प्रसाद पांडे, उमेश गौरहा, डॉ रजनीश पांडेय, ओम प्रकाश पांडे, नारायण मिश्रा, केशव प्रसाद तिवारी, केएल शुक्ला, अजीत मिश्रा, अन्नू शुक्ला, नागेंद्र पांडे, आर.पी. पांडेय, मनोज दुबे,राजश्री मिश्रा, रेखा पांडे,उमा त्रिपाठी, हेमलता तिवारी, अर्चना शुक्ला एवं कृष्णा पांडे उपस्थित रहे।

## बढ़ी गर्मी, हीटवेव को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**मुंगेली।** जिले में लगातार बढ़ते तापमान और संभावित हीटवेव की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है। जारी एडवाइजरी के अनुसार हीटवेव के दौरान शरीर में हीट रैश, मांसपेशियों में ऐंठन, चक्कर आना, सिरदर्द, अत्यधिक प्यास लगना तथा उल्टी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। गंभीर स्थिति में शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो जाने पर हीट स्ट्रोक की स्थिति बन सकती है, जिसे चिकित्सकीय आपातकाल माना जाता है। ऐसे में लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय सलाह लेने की सलाह दी गई है।




कलेक्टर कुन्दन कुमार ने आमजनों से अपील की है किए गर्मी के मौसम में सावधानी बरतें और लू से बचाव के लिए आवश्यक उपाय अपनाएं। गर्मी के मौसम में अधिक से अधिक पानी पिएं तथा हल्के, ढीले और सूती कपड़े पहनें। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस का घोल पीने की सलाह दी गई है। चक्कर या मितली महसूस होने पर छायादार स्थान पर आराम करें तथा ठंडा पेयजल, फलों का रस, लस्सी या मठा का सेवन करें। साथ ही दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच तेज धूप में बाहर निकलने से बचें। अत्यावश्यक होने पर बाहर निकलते समय सिर और कान को कपड़े से ढककर रखें। इसके साथ ही नींबू पानी, छाछ और मौसमी फलों का अधिक सेवन करें, जिससे शरीर में पानी की कमी न हो। प्रशासन ने जिले के जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हीट स्ट्रोक प्रबंधन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इन स्वास्थ्य संस्थानों में पर्याप्त मात्र में ओआरएस, आईवी फ्लूड, आवश्यक दवाइयों और शीतलन संबंधी सुविधाओं की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा सभी शासकीय अस्पतालों में ओआरएस कॉर्नर स्थापित करने तथा आशा कार्यकर्ताओं और मितानिनों के दवा किट को भी रिफिल करने के निर्देश दिए गए हैं।

### डिप्टी सीएम साव की अनुशंसा पर क्षेत्र को नई सौगात

**लोरमी।** क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव की सक्रियता से क्षेत्र में लगातार सड़क संबंधी विकास कार्यों को विशेष तवज्जो दी जा रही है। इसी



क्रम में वनांचल में ग्रामीणों की मांग पर उनकी अनुशंसा पर 'पीएम जनमन योजना' के तहत शहर से गांव को जोड़ने सुदूर वनांचल ग्राम औरापानी से सलगी मार्ग दूरी 12 किमो के निर्माण के लिए शासन ने 11 करोड़ 39 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। उक्त निर्माण कार्य के लिए कार्य आदेश भी जारी किया चुका है। इस स्वीकृति पर श्री साव ने कहा कि, वनग्राम की यह बहुप्रतीक्षित सड़क बनने से आवागमन सुगम के साथ पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। तथा क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को बल मिलने के साथ-साथ सड़क निर्माण से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। उक्त निर्माण कार्य की स्वीकृति से क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है।

## श्रमिकों के लिए पंजीयन शिविर, बनाए गए श्रम कार्ड



**मुंगेली।** नगर पालिका परिषद अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14 स्थित काली माई गेट के समीप श्रमिकों के पंजीयन हेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों, मजदूरों एवं कामगारों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना रहा। शिविर में दस्तावेजों का सत्यापन कर त्वरित रूप से श्रमिकों के पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। शिविर के दौरान 15 निर्माण श्रमिक, 7 संगठित एवं 15 असंगठित कर्मकारों के श्रम कार्ड बनाए गए, जिससे उन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ। इस दौरान मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर ने शिविर में व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए हितग्राहियों से सीधे संवाद किया और योजनाओं की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि, असंगठित कर्मकार मंडल में पंजीयन कराने से श्रमिकों को आर्थिक सहायता, मातृत्व लाभ, शिक्षा सहायता, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिलता है। उन्होंने सभी पात्र श्रमिकों से पंजीयन कराने की अपील की, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें इन योजनाओं का लाभ मिल सके। शिविर में शामिल पिंकी दीक्षित ने बताया कि, उन्हें पहली बार शासन की योजनाओं की विस्तृत जानकारी मिली है, जिससे वे अब नियमित रूप से इन योजनाओं से जुड़ सकेंगी।

## क्रिकेट संघ बिलासपुर की अंडर 23 टीम में खिलाड़ी चयनित



**बिलासपुर।** क्रिकेट संघ बिलासपुर के तत्वावधान में चयन ट्रायल के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर जिले की अंडर 23 टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जिनका ट्रायल 3 अप्रैल को रायपुर में लिया जाएगा।

क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव देवेन्द्र सिंह ने बताया कि स्टेट क्रिकेट संघ के निर्देशानुसार क्रिकेट संघ बिलासपुर के तत्वावधान में बुधवार को अंडर 23 का ट्रायल आधारशीला विद्या मंदिर स्कूल कोनी में संपन्न कराया गया, जिसमें 57 खिलाड़ियों ने अपने क्रिकेट के बारीकियों और स्किल का प्रदर्शन किया। स्टेट ट्रायल के लिए चयनकर्ता शैलेश सैमुअल, सुशांत शुक्ला, नावेद अली और अभिनव शर्मा द्वारा खिलाड़ियों के फिटनेस, बल्लेबाजी और गेंदबाजी के प्रदर्शन को देखते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट अंडर 23 के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में जी श्रीकांत, उपेंद्र कुमार यादव, सूरज कुमार पाटले, एम गतिक राव, परविंदर सिंह वालिया, अभ्युदय धर दीवान, अमृतांश शुक्ला, मयंक सोनकर, अनुज चंद्रा, आर्यन जायसवाल, आनंद पासवान, आजम हुसैन, रोहित नेतानी, दिव्यांश मिश्रा, युवराज कश्यप, जी आकाश सोनवानी, रिषभ शर्मा, अंकित कुमार सिंह, मोहम्मद साद, आयुष मिश्रा, युवराज सिंह परिहार, अभिषेक सोलोमन, सुयश कुमार दत्ता, ज्यमित भट्टाचार्य, शेख साहिल हुसैन, अखिलेश शर्मा, अनुभव सोनी, दीपक कुमार साहू, जितेश कुमार और ओम वैष्णव शामिल हैं।

## स्वास्थ्य विभाग ने किया विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण

**मुंगेली।** निजी अस्पताल के संचालक द्वारा निर्देशों का पालन नहीं करते हुए नियम विरूद्ध 6 बिस्तर अस्पताल संचालित किया जा रहा था। संबंधित संस्था को नियमानुसार क्लीनिक सुचारू रूप से संचालित करने हेतु निर्देश दिया गया तथा अतिरिक्त संचालित बिस्तर को सीलबंद किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्यागृह रोगोपचार संबंधी स्थापनाएं अनुज्ञापन नियम 2013 अंतर्गत 1 अप्रैल को जिला स्तरीय निरीक्षण टीम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा, जिला नोडल अधिकारी नर्सिंग होम एक्ट डॉ कमलेश खैरवार, प्रभारी अधिकारी जिला आयुर्वेद डॉ प्रशांत सिंह ठाकुर ने निजी संस्थाओं का निरीक्षण किया।



कंचन क्लीनिक के निरीक्षण के दौरान संस्था में क्लीनिक के लाइसेंस पर 6 बिस्तर अस्पताल संचालित किया जाना पाया गया। संबंधित संस्था को पिछले 6 माह से उपरोक्त संबंध में सुधार हेतु निर्देश दिये गए थे, लेकिन संचालक निर्देशों का पालन ना करते हुए नियम विरूद्ध 6 बिस्तर अस्पताल संचालित कर रहा था। संबंधित संस्था को नियमानुसार क्लीनिक सुचारू रूप से संचालित करने हेतु निर्देश दिया गया तथा अतिरिक्त संचालित बिस्तर को सीलबंद किया गया। इसी क्रम में जेके हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया, जहां अस्पताल के ओपीडी एरिया में जनरल वाशरूम नहीं पाया गया तथा ड्यूटी डॉक्टर की उपस्थिति कम पाई गई। बिलासा केयर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल बोड़तराकला में बिलासा पब्लिक स्कूल भवन को अस्पताल बनाया जा रहा है, जिसका आधारभूत संरचना पूर्ण नहीं होने के कारण आवेदन निरस्त करते हुए आधारभूत संरचना पूर्ण होने पर नवीन आवेदन किए जाने का निर्देश दिया गया। इस बीच एमसीएच हॉस्पिटल लोरमी, जेके सोनोग्राफी सेंटर, शांति पाठक सोनोग्राफी सेंटर, जायसवाल क्लीनिक, प्रभा हॉस्पिटल, सीएचसी लोरमी का निरीक्षण किया गया। समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं को नर्सिंग होम एक्ट नियमों का कड़ाई से पालन करने निर्देश दिए गए।

## जयंती पर याद किए गए स्व. बिसाहू दास



**पेंड्रा।** पूर्व मंत्री एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय बिसाहू दास महंत की जयंती के अवसर पर पेंड्रा नगर पालिका क्षेत्र में स्थापित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

इस अवसर पर मरवाही के पूर्व विधायक डॉ केके ध्रुव सहित कांग्रेस संगठन के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संयुक्त महासचिव मनोज गुप्ता, प्रदेश सचिव बूंदकुंवर मॉस्को, रामनिवास तिवारी, पूर्व एल्डरमैन जैलेश सिंह, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष विद्या राठौर, मरवाही ब्लॉक अध्यक्ष दया वाकरे, जिला उपाध्यक्ष बेचू अहिरेश, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जय दत्त तिवारी, पूर्व एल्डरमैन आमिर अली, पार्षद पारस चौधरी, मनोज साहू, प्रेमवती कोल, मैकू भारिया और पार्षद रमेश कोल सहित अनेक कांग्रेसी मौजूद रहे। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान ने कहा कि, स्वर्गीय बिसाहू दास महंत छत्तीसगढ़ के स्वप्नदृष्टा थे। उन्होंने कहा कि, वर्तमान समय में उनके बताए मार्ग पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और न्याय पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए। उनके आदर्शों को अपनाकर ही एक सशक्त, समृद्ध और समावेशी छत्तीसगढ़ का निर्माण संभव है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वर्गीय महंत के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया।

### संगठन सृजन अभियानः मरवाही ब्लॉक कांग्रेस की बैठक

# बूथ को मजबूत बनाने से ही चुनाव जीते जा सकते हैं: शैलेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मरवाही

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 'संगठन सृजन अभियान' के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मरवाही की बैठक कांग्रेस भवन मे आयोजित की गई। बैठक में जीपीएम प्रभारी शैलेश पांडे, गजमती भानु जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डॉक्टर केके ध्रुव ने संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता दया वाकरे ब्लॉक अध्यक्ष ने की। इस अवसर पर अजय राय, हरीश राय, नारायण शर्मा, कमाल खान, राकेश मसीह, हेमंत कुमार, गनपत सिंह, विनय चौबे, वीरेन्द बघेल, बूंद कुवर सिंह मास्को ने संगठन को बूथ से लेकर वार्ड और पंचायत स्तर तक मजबूत बनाने पर जोर दिया। जीपीएम प्रभारी शैलेश पांडे ने संगठन सृजन के कार्यक्रम पर जोर देते हुए बताया कि, बूथ को मजबूत बनाने से ही विधानसभा और लोकसभा चुनाव जीता जा सकता है। यदि हमारा बूथ कमजोर रहेगा तो पार्टी भी कमजोर होगी। जिला अध्यक्ष गजमती भानु ने मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष, की नियुक्ति संबंधी विशेष प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। सभी मंडल अध्यक्षों को तीन दिनों के अंदर सभी प्रक्रियाओं का पालन कर प्रतिवेदन जिला अध्यक्ष को देने के निर्देश दिए। पूर्व विधायक डॉक्टर केके ध्रुव ने कहा कि, प्रत्येक बूथ और पंचायत में संगठन को सक्रिय और सशक्त बनाने की आवश्यकता है, जिससे जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जा सके। जिला उपाध्यक्ष कमाल खान ने विकासखंड कार्यकारिणी विस्तार में सभी वर्गों को समुचित प्रतिनिधित्व देने की मांग रखी। कार्यक्रम मे शैलेश पांडे, गजमती भानु, डॉक्टर केके ध्रुव, पंकज तिवारी, मोहम्मद यासर, कमाल खान, अजय राय, ओमप्रकाश बंका, पवन केशरवानी, नारायण शर्मा, प्रफुल्ल प्रकाश, बीएस मास्को, हरीश राय, राकेश मसीह, बूंद कुंवर मास्को, बेचू सिंह, दया सिंह वाकरे, विनय चौबे, बाला कश्यप, अजित श्याम, मुद्रिका सर्राठी, सुनीता तीमोंथी, मालती वाकरे, तुलसी अनुरागी, शकुंतला यादव, जानकी ओट्टी, रेखा तिवारी, अरविंद जायसवाल, नारायण श्रीवास सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## नेत्रदान पर जन जागरूकता, वर्ष भर संचालित करने सक्षम ने लिया संकल्प

**बिलासपुर।** सम दृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल सक्षम संस्थान बिलासपुर इकाई की ऑनलाइन प्रांत स्तरीय नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम, परिचर्चा संपन्न हुई। परिचर्चा के मुख्य वक्ता नेत्र बैंक जबलपुर के संचालक एवं प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ पवन स्थापक थे।




इस दौरान सक्षम संस्था ने नेत्रदान पर जन जागरूकता कार्यक्रम पूरे वर्ष भर संचालित करने का संकल्प लिया। विदित हो कि डॉ पवन स्थापक लगभग 2 हजार लोगों के कार्निया का प्रत्यारोपण स्वयं कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में लाखों व्यक्ति कॉर्निया की खराबी के कारण अंधत्व की मार झेल रहे हैं। यदि नेत्रदान का प्रतिशत बढ़ता है तो कॉर्निया की खराबी के कारण दृष्टिबाधित लोग दृष्टिवान हो सकते हैं, इसलिए समाज में नेत्रदान हेतु जन जागरूकता व्यापक स्तर पर संचालित करने की आवश्यकता है। इस ऑनलाइन परिचर्चा में सक्षम के प्रांत अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र शुक्ला, प्रांत उपाध्यक्ष डॉ राजेश अवस्थी, प्रांत सहसचिव अंजलि चावड़ा, रामजी राजवाड़े, पदमा शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।